दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 16 नवंबर-2024 | ● वर्ष: 9 अंक: 323 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

## यूपीपीएससी पीसीएस परीक्षा 22 दिसंबर को, नोटिस जारी




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 2024 के पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब यह परीक्षा एक ही दिन, यानि 22 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी। आयोग ने इस परीक्षा को पहले दो दिनों में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छात्र-छात्राओं के विरोध और प्रयागराज में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद इस निर्णय को बदला गया है। आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पहले पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 7 और 8 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक ही दिन 22 दिसंबर को दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। पहला सत्र सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक होगा और दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। इस निर्णय से छात्र संतुष्ट हैं। पहले दो दिनों तक परीक्षा आयोजित होने के ऐलान से वो नाराज थे और सड़क पर उन्होंने विरोध प्रदर्शन भी किया था।

# सीएम योगी आदित्यनाथ का रोड-शो आज
# तैयारियों से लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



### रोड-शो को लेकर चमकाया गया कार्यक्रम स्थल, निगम ने सड़क से लेकर लाइटें तक की दुरुस्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को विजयनगर इलाके में रोड- शो में भाग लेने आ रहे हैं। उनके रोड-शो को लेकर शुक्रवार को नगर निगम से लेकर पुलिस-प्रशासन ने सभी तैयारियों और इंतजाम दुरुस्त कर दिए हैं। वहीं पूरे कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा के त्रिस्तरीय घेरे में रखा जाएगा। विजयनगर के लोगों के लिए मुख्यमंत्री के आने से पहले ही कार्यक्रम स्थल की तस्वीरें बदल दी गई हैं। सीएम के रोड-शो को लेकर सड़क के दोनों ओर लोहे की बैरिकेडिंग के साथ ही बलियां लगाई गई हैं। तो वहीं रोड-शो में अंधेरा रुकावट ना बने, इसके लिए स्ट्रीट लाइटें से लेकर अतिरिक्त लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। रोड- शो जिस मार्ग से निकलेगा, उसे सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के झंडे लगाने के साथ ही पार्टी पदाधिकारियों ने पोस्ट भी लगवाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजय नगर थानाक्षेत्र में चाणक्य चौक से लेकर डीएवी स्कूल कट तक रोड- शो रहेगा। रोड-शो का समय कार्यकर्ताओं को 4 बजे का बताया गया है। रोड-शो के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद बंदोबस्त किए गए हैं। वहीं शुक्रवार को पुलिस के आलाधिकारियों ने यहां का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा भी लिया है।

### ■ विजय नगर क्षेत्र के लिए रूट का रहेगा डायवर्जन

### सड़कों पर हुआ छिड़काव, तो डिवाइडर से लेकर लाइटें तक की गई ठीक



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को रोड-शो होना है और शनिवार की तैयारी के लिए शुक्रवार को सभी सरकारी अम्ला एक्टिव मोड में देखा गया है। विजयनगर थानाक्षेत्र में रोड-शो वाले मार्ग पर पुलिस के अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। तो नगर निगम ने यहां सफाई के साथ ही पानी का छिड़काव, बैरिकेडिंग लगवाने और डिवाइडर की रंगा-पुताई के साथ ही नई स्ट्रीट लाइटें और स्ट्रीट लाइटें के पोलों पर सुरक्षा के लिहाज से तारों की सुरक्षा के लिए विशेष सीट लगवाई गई है। तो यहां तिरंगी रंग की लाइटिंग से इलाके को जगमग करने का काम किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री के रोड-शो के लिहाज से मार्ग पर दोनों ओर बड़ी संख्या में बल्ब और लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सड़क के सभी गड्ढे भर दिए गए हैं। वहीं डिवाइडर और आसपास के स्थानों पर भी सजावट की जा रही है।



### सीएम के रोड शो स्थल पर विधायक अजीत पाल त्यागी के साथ संजीव शर्मा के लगे पोस्टर, लिखा बटेंग तो कटेंगे






**करंट क्राइम।** इन दिनों उत्तर प्रदेश से लेकर अन्य प्रदेशों में जहां चुनावी माहौल है, वहां भाजपा के बंटेंगे के कटेंगे के पोस्टर सुर्खियां बटोर रहे हैं। तो गाज़ियाबाद भी इससे अछूता नहीं रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड-शो से पूर्व इस पूरे मार्ग पर विधायक अजीत पाल त्यागी और भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा की फोटो वाले कट आउट लग गए हैं। जिसमें लिखा है बटेंगे तो कटेंगे, मुख्यमंत्री योगी का रोड -शो जिस मार्ग से गुजरेगा वहां पर हर पोल पर और सड़क पर ऐसे बड़े कटआउट और पोस्टर नजर आ रहे हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ ही मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और संजीव शर्मा की तस्वीर लगाई गई है। बता दें कि बीते दिनों जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम हुआ था, तो बटेंगे तो कटेंगे के नारे की गूंज यहां भाजपा के स्थानीय और प्रदेश सरकार के मंत्री जो चुनावी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं उनके भाषणों में भी जमकर सुनाई दी थी।



### दिनभर जुटे रहे भाजपा के पदाधिकारी, संभाल ली है कमान

**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज होने वाले रोड-शो को लेकर उनके सभी पदाधिकारियों ने शुक्रवार से ही कमान संभाल ली थी। कई पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल और रोड-शो के मार्ग का निरीक्षण किया। तो यहां की फोटोग्राफी से लेकर वीडियोग्राफी तक की गई है ताकि मुख्यमंत्री के रोड-शो के दौरान किसी प्रकार की अड़चन न आए।



### सीएम के रोड शो की तैयारी में नगर निगम ने पकड़े स्ट्रीट डॉग और आवारा पशु

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में 16 तारीख को सीएम योगी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो करेंगे। ये रोड शो विजय नगर इलाके में होगा। बाकी तैयारियों के साथ नगर निगम भी अपनी तैयारी में जुट गया है और रोड शो वाले इलाके में नगर निगम स्ट्रीट डॉग और छुट्टा पशुओं को पकड़ रहा है। कई टीमें इस काम के लिए लगी हुई है। सभी को नंदी पार्क ले जाया जाएगा। गाजियाबाद में नगर निगम के सफाई नायक सुरेंद्र कुमार ने बताया की विजयनगर में आधा दर्जन टीम उस इलाके में लगी हुई है जहां कल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो करेंगे। इस इलाके में घूमने वाले स्ट्रीट डॉग और छुट्टा पशुओं को नगर निगम के कर्मचारी पकड़ रहे हैं। पकड़ने के बाद उनको गाड़ी में भरा जा रहा है। इसके बाद उनको नंदी पार्क छोड़ दिया जाएगा। सुरेंद्र कुमार के मुताबिक एक दर्जन स्ट्रीट डॉग और तकरीबन इतने ही छुट्टा पशु पकड़े गए हैं। योगी आदित्यनाथ कल विजयनगर में रोड शो करेंगे। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं जिसमें से एक गाजियाबाद सदर सीट भी है। यहां वह करीब डेढ़ किलोमीटर का रोड शो करेंगे। रोड शो भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में होगा।



# आ गया मुख्यमंत्री के रोड-शो वाला रथ
# तीन तरफ से बुलेट प्रूफ और पॉवरफुल इंजन से है लैस
## 5 सीटर रथ में पांच लोग बैठेंगे अंदर और 8 से 10 लोग होंगे ऊपर सवार

### इसी रथ में सवार होंगे सीएम योगी




**शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजय नगर क्षेत्र में रोड शो हैं। रोड शो में इसी रथ पर सीएम सवार होंगे। शुक्रवार को रथ के साथ भारतीय जनता पार्टी के सह मीडिया प्रभारी करण शर्मा कुछ इस अंदाज में नजर आये।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड-शो है और उनके रोड-शो में शामिल होने के लिए खास और बेहद सुरक्षित माने जाने वाला रथ भी गाजियाबाद आ गया है। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट व सीएफ सुरक्षा वालों ने रथ की खुफिया विभाग के अधिकारियों ने जांच कर ली है। यह रथ सुरक्षा से फूल प्रूफ है। इसमें तीन तरफ से बुलेट प्रूफ होने के साथ ही इसमें चारों तरफ कई फीट ऊपर तक बुलेट प्रूफ कवच भी मौजुद है, जो किसी भी तरह के खतरे और सुरक्षा के लिहाज से बेहद मजबूत माना जाता है। सीएम जिस रथ में रोड-शो करेगें, इस रथ में अंदर की 5 सीटों पर पांच लोग सवार हो सकते हैं। तो वहीं रथ का जो खुला हिस्सा है, उसमें 8 से 10 लोग सवार होने की क्षमता है।

### आपात स्थिति में पावरफुल इंजन वाला रथ वाहनों को चकनाचूर करने की रखता हैं क्षमता



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा हमेशा से अधिकारियों के लिए चिंता का कारण बनी रही है। ऐसे इंतजामों से उनके वाहनों और कार्यक्रम स्थल को दुरुस्त रखा जाता है ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनको मौके से सुरक्षित निकाला जा सके। इसी के लिए सीएम रोड शो के दौरान जिस रथ का इस्तेमाल हो रहा है ,उसमें भी यह विशेषताएं मौजूद हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसुजू डी मैक्स के के जिस वाहन का रथ के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है वह बेहद पावरफुल इंजन के साथ लैस है। सुरक्षा में तैनात अधिकारी बताते हैं कि यह रथ अगर आपात स्थिति में आगे या पीछे की ओर ले जाना पड़े तो यह लोहे के वाहनों को भी क्षतिग्रस्त करते हुए आगे बढ़ाने की क्षमता रखता है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रथ में एनएसजी के विशेष कमांडो भी मुस्तैद रहेंगे, जो किसी भी आपात स्थिति में वीवीआईपी घेरे में रहने वाले नेताओं को सुरक्षित निकालने में माहिर माने जाते हैं।

### मोदी और योगी के फोटो से लैस है रथ

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को विजयनगर में विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए जो रोड-शो आयोजित कर रहे हैं, उसमें जिस रथ का इस्तेमाल हो रहा है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कट आउट तस्वीरें लगी हुई हैं। इसका रंग भगवा है और यह बेहद आधुनिक तकनीक से लैस बताया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी को त्रिस्तरीय सुरक्षा प्रदान करेगी पुलिस फोर्स





**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों ने तीन बार रिहर्सल की है। तो वहीं शुक्रवार को बड़ी संख्या में मेरठ, बुलंदशहर, सहारनपुर और मुरादाबाद से आए पुलिस के गजेटेड अधिकारियों को उनकी ड्यूटी सौंप दी गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने भी इस पूरे रूट से लेकर कार्यक्रम का एक-एक पॉइंट निरीक्षण कर लिया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ ही सीआईएसएफ और आरआररफ के जवानों की तैनाती रहेगी। तो वहीं सादे कपड़ों में भी 200 से ज्यादा महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनाती दी गई है। इसके साथ ही जिस मार्ग से मुख्यमंत्री का रोड-शो गुजरेगा वहां की सभी प्रमुख इमारतें पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो हैंडसेट से लैस होने के साथ ही दूरबीन, मोबाइल फोन और टॉर्च लेकर तैनात रहेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में सादे कपड़ों में खुफिया और इंटेलीजेंस के अधिकारियों को भी चिन्हित स्थानों पर तैनाती दे दी गई है। वह सभी प्रकार के इनपुट पर ध्यान रखने का काम करेंगे।


### सीएम के लिए बनाया गया रेस्ट रूम



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड-शो में शामिल होने के लिए धोबी घाट फ्लाइओवर से आएंगे। फ्लाइओवर से उतरते ही जो विजयनगर का खाली स्थान है, वाहन पार्किंग स्थल और फिर मुख्यमंत्री के रोड-शो स्टार्ट प्वाइंट के निकट ही दो रेस्ट रूम बनाए गए हैं, जहां मुख्यमंत्री कुछ देर रुकेंगे और फिर रथ में सवार होकर वह चाणक्य चौक से डीएवी स्कूल कट तक होने वाले रोड-शो में भाग लेंगे। इस दौरान चार चौक पड़ेंगे, जहां से मुख्यमंत्री का काफिला गुजरेगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो के लिए रूट डायवर्जन

### विजयनगर जाने वाले मुख्य मार्गों पर रहेगी भारी और हल्के वाहनों पर पाबंदी




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विजयनगर क्षेत्र में रोड शो करेंगे। सीएम इस दौरान लोगों से गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्जन और पार्किंग प्लान तैयार किया गया है। बता दें कि गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। यह सीट 2022 में सदर विधायक चुने गए अतुल गर्ग के लोकसभा चुनाव- 2024 में सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई थी। यूपी में इसी तरह खाली हुई नौ विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहा है।

### दोपहर 12 बजे से लागू होगा डायवर्जन प्लान

**करंट क्राइम।** अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) पीयूष कुमार सिंह की ओर से जारी किए गए प्लान के मुताबिक शहर में शनिवार दोपहर 12 बजे से डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। यह डायवर्जन शाम को कार्यक्रम संपन्न होने तक लागू रहेगा। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक प्रस्तावित डायवर्जन में कभी भी संसोधन या फेरबदल किया जा सकता है। असुविधा से बचने के वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की सलाह भी ट्रैफिक पुलिस की ओर से दी गई है।

### एक हजार बसों से पहुंचेंगे लोग

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री के रोड शो में भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम में पहुंचने वालों के विजयनगर में 11 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से आर्मी ग्राउंड में 1000 बसों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। कार पार्किंग के लिए 10 स्थानों पर व्यवस्था की गई है। इन सब में मिलाकर 1050 कारें खड़ी की जा सकेंगी। सीएम का रोड शो चाणक्य चौक से संतोष मेडिकल तिराहे तक होगा। यह दूरी 1200 मीटर की है। एक साइड वीआईपी और दूसरे साइड आमजन के लिए रहेगी।

शेष खबर पेज न. 2 पर...

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनीष गुर्जर के आवास पर हुआ भव्य जनसभा का आयोजन

## भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा सहित राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान रहे उपस्थित




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को गाजियाबाद शहर विधानसभा 56 के प्रत्याशी संजीव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा मनीष गुर्जर के आवास पर पहुंचे। इस जनसभा में भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान एवं संजीव शर्मा, क्षेत्र उपाध्यक्ष महेंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबूजी जगत सिंह नागर, अविनाश चौधरी, अजीत कसाना, अनिल गुप्ता, हिमांशु पाराशर, मोहित ठाकुर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, पार्षद जय किशन पाल, एकलव्य बैसला, प्रियंक विकल, अर्जुन नागर, संपादक अर्जुन संदेश उमंग गुप्ता, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा राकेश त्यागी, पार्षद संजीव जांगिड़, एवं तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी वशिष्ठ लोग एवं मुख्य अतिथि मनीष गुर्जर के आवास पर पहुंचे। जहां मनीष गुर्जर के पिताजी बाबूराम प्रधान ने सभी वशिष्ठ लोगों का शॉल पहनाकर स्वागत किया।

# जाट समाज के लोगों ने किया भाजपा के पक्ष में मतदान करने का समर्थन

## हम जात-पात की राजनीति नहीं करते बल्कि सभी को साथ लेकर चलने का करते हैं काम : संजीव शर्मा





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को प्रताप विहार इलाके के जाट समाज के लोगों ने लीलावती स्कूल के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करने के लिए हाथ उठाकर अपना समर्थन किया।

बैठक में किसान संगठन और अन्य राजनीतिक दलों से जुड़े जाट नेता भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वह मोदी और योगी के साथ खड़े हैं। उन्होंने सभी से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को वोट देने की अपील की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान अतिथि पधारे। बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने कहा कि जाट समाज के लोगों की सभी क्षेत्रों में विशेष भूमिका रही है।

किसी भी दल के झांसे मे न आकर भारतीय जनता पार्टी को ही वोट करें। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि भाजपा प्रत्याशी के जीतने पर शहर विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य होंगे। जाट समाज की बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा ने कहा कि हम जात-पात की राजनीति नहीं करते हैं। सभी को साथ लेकर चलने का काम करते हैं। सभी का आशीर्वाद उनके साथ है।

जाट समाज के लोगों ने उन्हें जो सम्मान दिया है वह इसके कर्जदार हो गए हैं। इस बार जनता उन्हें मौका देगी तो जाट समाज के साथ साथ सभी वर्ग के लोगों का एहसान चुकता कर देंगे। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कार्य होंगे जो ऐतिहासिक होंगे।इस आयोजन में मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र चौधरी, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, प्रताप विहार जाट समाज के अध्यक्ष सुखपाल खोखर,जगबीर सिंह, जगपाल सिंह, मदन मलिक, वरुण चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, प्रमिला चौधरी, रमेश चौधरी, रिशिपाल तेवतिया ,राम रिछपाल चौधरी, विजेंद्र सिंह ,धर्मवीर चौधरी, हरेंद्र चौधरी, केदार सिंह चौधरी, सतपाल डागर, पार्षद देवेन्द्र चौधरी, संतोष राणा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र चौधरी द्वारा किया गया।

## न्यूज डायरी

### बाबा नानक जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारे में पहुंचे जिलाधिकारी और नगर आयुक्त



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बाबा नानक जी के प्रकाश पर्व पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक कविनगर सी-ब्लॉक गुरूद्वारे में बाबा गुरू नानक के चरणों में नतमस्तक होने के लिए पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के परिजन भी उनके साथ थे। सी-ब्लॉक गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा डीएम इन्द्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का सरोपा भेंट कर सम्मान किया गया। जिलाधिकारी तथा नगर आयुक्त ने गुरूद्वारे की किचन और लंगर हॉल पहुंच कर साथ आये अपने बच्चों को बताया कि लंगर सेवा कैसे की जाती है और लंगर किस तरह से बैठकर पंगत में किया जाता है। इस अवसर पर गुरूद्वारा सी-ब्लॉक के प्रधान भूपेन्द्र कालरा, उनकी पत्नी रोमी कालरा, गुरूद्वारे के उपाध्यक्ष जसवीर बत्रा, गुरू द्वारे के सचिव हरप्रीत सिंह जग्गी, गुरू द्वारा कमेटी की कैशियर मनमोहन सिंह, सिंह सभा गुरूद्वारे के प्रधान इन्द्रजीत सिंह टीटू तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार एसपी सिंह तथा गगन दीप सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

### संजीव शर्मा के जनसंपर्क अभियान में क्षेत्र में दिखाई दे रहा है अपार समर्थन




**गाजियाबाद( करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के उम्मीदवार संजीव शर्मा ने अपने चुनाव प्रचार के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया हुआ है, जिससे जनता में उनके प्रति समर्थन और उत्साह का जबरदस्त माहौल बना हुआ है। चुनाव प्रचार के दौरान संजीव शर्मा ने सेक्टर 12 स्थित गौतम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में राकेश त्यागी और आशीष गौतम से मुलाकात की। संजीव शर्मा ने कालका गड़ी वार्ड 12 में राकेश काका एवं क्षेत्र वासियों से से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर उन्हें समाधान का आश्वासन दिया। इसी तरह, सेवा नगर वार्ड 17 में हाथी पार्क पर मनीष गुर्जर के साथ बैठक की, जिसमें युवाओं और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया और समर्थन जताया। जीटी रोड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन में हरिओम चौहान और राजेंद्र त्यागी से मुलाकात करते हुए संजीव शर्मा ने स्थानीय व्यापारियों के हित में विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही। पुराना विजयनगर के जे ब्लॉक में घनश्याम कोरी के साथ बैठक में भी लोगों ने भाजपा के प्रति अपना विश्वास जताया।
वार्ड नंबर 51 में प्रताप विहार पार्षद कार्यालय में संतराम यादव से संवाद कर संजीव शर्मा ने जनसमस्याओं पर चर्चा की। अगली प्रचार की कड़ी में गौतम नगर गुरुद्वारा रोड पटेल नगर में सुंदर भाटी के साथ समुदाय को आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार जनहित में काम करेगी। सामुदायिक केंद्र पटेल नगर द्वितीय में संजय कांत शर्मा से मुलाकात करते हुए संजीव शर्मा ने क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा के विकास पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, तुराब नगर में राजू छाबड़ा की अगुवाई में स्थानीय व्यापारियों के साथ मुलाकात की। सभी व्यापारियों ने एक सुर में संजीव शर्मा को सर्वाधिक वोटो से जीताने की घोषणा की।



सेक्टर 12 माता कॉलोनी विजय नगर में मनोज कांगड़ा और यशपाल पहलवान के साथ बैठक में जनता ने संजीव शर्मा का स्वागत किया। इसके बाद, नेहरू युवा केंद्र अंबेडकर रोड पर एके तिवारी और सौरव गर्ग के नेतृत्व में युवाओं से मिलकर उन्होंने उनके सशक्तिकरण और विकास पर चर्चा की। चुनाव प्रचार करते हुए संजीव शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में जनता का समर्थन प्राप्त किया, और हर वर्ग ने उनके प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो, रहेगा रूट डायवर्जन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विजयनगर क्षेत्र में रोड शो करेंगे। सीएम इस दौरान लोगों से गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट डायवर्जन और पार्किंग प्लान तैयार किया गया है। बता दें कि गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। यह सीट 2022 में सदर विधायक चुने गए अतुल गर्ग के लोकसभा चुनाव-2024 में सांसद चुने जाने के बाद खाली हुई थी। यूपी में इसी तरह खाली हुई नौ विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहा है।

### एक हजार बसों से पहुंचेंगे लोग

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री के रोड शो में भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम में पहुंचने वालों के विजयनगर में 11 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से आर्मी ग्राउंड में 1000 बसों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। कार पार्किंग के लिए 10 स्थानों पर व्यवस्था की गई है। इन सब में मिलाकर 1050 कारें खड़ी की जा सकेंगी।

सीएम का रोड शो चाणक्य चौक से संतोष मेडिकल तिराहे तक होगा। यह दूरी 1200 मीटर की है। एक साइड वीआईपी और दूसरे साइड आमजन के लिए रहेगी।

### दोपहर 12 बजे से लागू होगा डायवर्जन प्लान

करंट क्राइम। अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) पीयूष कुमार सिंह की ओर से जारी किए गए प्लान के मुताबिक शहर में शनिवार दोपहर 12 बजे से डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। यह डायवर्जन शाम को कार्यक्रम संपन्न होने तक लागू रहेगा। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक प्रस्तावित डायवर्जन में कभी भी संसोधन या फेरबदल किया जा सकता है। असुविधा से बचने के वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की सलाह भी ट्रैफिक पुलिस की ओर से दी गई है।

### कमर्शियल वाहन (भारी/ हल्के/ बस)

1 कमर्शियल वाहनों का आवागमन मोहननगर से मेरठ तिराहा की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

2 ये वाहन मोहननगर से डाबर होते हुए यूपी गेट के रास्ते एनएच-9 से अपने गंतव्य को जाएंगे।

3 एएलटी चौराहा से आगे मेरठ तिराहा एवं राजनगर एक्सटेंशन की ओर आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

4 वाहन एएलटी चौराहा (हापुड चुंगी) से आत्माराम स्टील के रास्ते एनएच-9 का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जाएंगे।

5 साजन मोड़ से चौधरी मोड़ की ओर आवागमन पूर्ण रूप प्रतिबंधित रहेगा, एनएच-9 का प्रयोग कर सकेंगे।

6 वाहनों का आवागमन विजयनगर टी-प्वाइंट एनएच- 9 से विजयनगर की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

7 वाहनों का आवागमन जल निगम टी-प्वाइंट से मेरठ तिराहा की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

निजी वाहन (चार पहिया/ तीन पहिया/ दो पहिया)

8 चौधरी मोड़ से धोबीघाट आरओबी के रास्ते विजयनगर की ओर आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन आरओबी से उतरकर सिग्नल कारखाना होकर विजयनगर बाईपास की ओर जा सकेंगे।

9 सेन चौक से रेलवे स्टेशन एवं डीएवी चौराहा प्रताप विहार की ओरआवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

10 संतोष मेडिकल तिराहे से सेन चौक की ओर आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

### कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए पार्किंग

11 चौधरी मोड़ से धोबीघाट आरओबी के रास्ते कार्यक्रम में जाने वाले सभी हल्के वाहनों की पार्किंग रेलवे ग्राउंड (पी-1) में रहेगी।

12 लेबर चौक की ओर से आने वाले सभी हल्के वाहनों की पार्किंग रामलीला मैदान (पी-2) एवं जेबीजीआईएस (पी-3) में की जायेगी।

13 गऊशाला रोड / थाना रोड से आने वाले सभी हल्के वाहनों की पार्किंग भीमा भाई पार्क (पी-4) में की जायेगी।

14 जल निगम टी- प्वाइंट की ओर से संतोष मेडिकल कॉलेज होते हुए आने वाले सभी हल्के वाहनों की पार्किंग न्यू रेनबो स्कूल (पी-6), डीएवी स्कूल (पी-7), शास्त्री पार्क (पी-10) एवं रामलीला मैदान के निकट जीवन ज्योति चौक (पी-11) में की जायेगी।

15 सिद्दार्थ विहार से आने वाले सभी हल्के वाहनों की पार्किंग विश्वकर्मा तिराहे से दाहिने मुड़कर होल्कर पार्क (पी-8) एवं मदरसा नूरानी ग्राउण्ड (पी-9) में की जायेगी।

16 कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु आने वाली बसों की पार्किंग आर्मी ग्राउण्ड (पी-5) में की जायेगी। सभी बसें सिद्धार्थ विहार, डीपीएस रेड लाइट से मुड़कर भागीरथ चौक, विश्वकर्मा तिराहा, सम्राट चौक होते हुए आर्मी ग्राउंड पहुंचेंगी।

### जरूरत पड़ने पर इन नंबरों पर संपर्क करें

यातायात हेल्पलाइन नंबर - 9643322904, 0120-2986100

यातायात निरीक्षक, संतोष कुमार सिंह - 739800808

यातायात निरीक्षक, संतोष चौहान - 7007847097

# आरकेजीआईटी कॉलेज में महापौर ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किए

## छात्र छात्राओं को हमारी सरकार टैबलेट के माध्यम से दे रही आधुनिक शिक्षा : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश अध्यनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी बी-फार्मा के पात्र 240 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किए।

इस दौरान संस्थान के निर्देशक डॉ बी सी शर्मा, डीन अकादमिक डॉ रविन्द्र कुमार यादव, ग्रुप रजिस्ट्रार बलदेव सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि यह गैजेट आधुनिक शिक्षा के लिए हमारी सरकार ने आप तक पहुँचाया है जिससे आपको अपनी शिक्षा ग्रहण करने में कही कोई मुश्किल आये तो इस टैबलेट की मदद से किसी भी समय गूगल और यूट्यूब चलकर हर संभव कार्य किया जा सके। यह अच्छा कार्य भी करेगा और बुरा कार्य भी, इसलिए यह आप छात्र-छात्राओं पर निर्भर करता है कि आप किस प्रकार इसका प्रयोग करते है। अपना भविष्य बनाने के लिए या बस समय खराब करने के लिए। शिक्षा दो प्रकार से की जाती है एक मन लगाकर उच्च ज्ञान प्राप्त कर अच्छे अंक के माध्यम से सफल होना और एक गिरपड़ कर ब्रेक ले-लेकर बस पास होना। लेकिन दोनों में समान समय लगता है और फीस भी समान ही लगती है।

जब एक कक्षा के दो छात्रों का सभी कुछ एक समान लगना है तो शिक्षा और अंको में विभिन्नता क्यों। इस लिए इस समय का उपयोग करें और शिक्षा ग्रहण करने के समय केवल शिक्षा पर ध्यान दें, जिससे आप सभी का भविष्य उज्जवल हो सके।

# साहिबाबाद के प्रांगण में गुरु नानक देव का प्रकटोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में गुरु नानक देव का प्रकटोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। समरोह की अध्यक्षता अमर जीत सिंह कलिंगा मूर्धन्य लेखक ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 पी0 के0 सिंह रहे। कार्यक्रम का आयोजन इंजी0 धीरेन्द्र यादव, सञ्चालन श्रमिक नेता, अनिल मिश्र ने किया। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण विद कालीचरण चौधरी, समाजवादी नेता अजय रस्तोगी, पंडित विनोद त्रिपाठी, जय नारायण शर्मा, सरदार योगेन्द्र सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज ने अज्ञान के अन्धकार के समूल नाश का सन्देश दिया।

### गुरु नानक देव जी महाराज ने अज्ञान के अन्धकार के समूल नाश का दिया है सन्देश

इस अवसर पर कामेश्वर चौधरी पूर्व मेजर, सी0 पी0 सिंह, देवकर्ण चौहान, सरदार मंजीत सिंह कलिंगा, तरविंदर सिंह का स्वागत कर सरोपा भेंट किया। इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी शहीद विरसा मुंडा को भी श्रद्धा-सुमन अर्पित किया और गंगा स्नान पर सभी का अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर राम दुलार यादव, पी0 के0 सिंह, जय नारायण शर्मा, अजय रस्तोगी, विश्व नाथ यादव, राजेन्द्र सिंह, हुकुम सिंह, परमानन्द, अमर जीत सिंह, कली चरण, तरविंदर सिंह, राजपाल यादव, मुनीव यादव, राम सहाय, जे0 पी0 यादव, ब्रह्म प्रकाश, आमोज सिंह, देवकर्ण चौहान, आकाश कुमार, अनिल मिश्र, कामेश्वर चौधरी, योगेन्द्र सिंह, देव मन यादव, महेन्द्र यादव, जय प्रकाश यादव, सम्राट सिंह, राम नयन यादव, विजय मिश्र, विजय भाटी एडवोकेट, अखिलेश कुमार शुक्ल, गुड्डू यादव, राम यादव, आदि सैकड़ों लोग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# समरकूल पहुंचे प्रसिद्ध यूट्यूबर जावेद अंसारी को संजीव गुप्ता ने किया सम्मानित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को प्रसिद्ध यूट्यूब और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर जावेद अंसारी समरकूल प्रतिष्ठान पर, कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता से मुलाकात के लिए पहुंचे।

इस सेलिब्रिटी के आगमन पर संजीव कुमार गुप्ता ने उनका पटका पहनकर बहुत ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जावेद अंसारी ने कहा कि वह बहुत पहले से संजीव गुप्ता की सादगी और प्रसिद्धि से प्रभावित थे।

परंतु आज उनसे साक्षात रूबरू होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है तथा समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर जावेद अंसारी को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए कहा कि आज की इस भाग दौड़ और तनाव भरी जिंदगी में लोगों को अपने विचारों से खुश रखना बहुत बड़ा काम है और जावेद भाई इसे बखूबी निभा रहे हैं। इस अवसर पर समरकूल के डायरेक्टर राजीव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तनुज गुप्ता, तुषार गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

# गुरु नानक जयंती के अवसर पर पार्षद ने किया भंडारे का आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर कौशांबी में भंडारे का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील गांधी, दीपक गुप्ता, राजन मल्होत्रा, नरेश मिगलानी, अजीत नारंग, संजय गांधी, एसएन सिंगला, गौरव वर्मा, संजय बत्रा, संजीव पुरी, गोरा बोहरा, गुलशन सदाना, मनीष, आरती गांधी, रीना मिगलानी, रेखा मल्होत्रा, सीमा बत्रा, सोनिका बोहरा, रचना गुप्ता, विजया गांधी, तनु पुरी, मुन्नी सिंगला, रिया यादव, यूसरा नजीब सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉ.अतुल जैन ने की भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को भारी बहुमत से जिताने की अपील

## कहा : शत प्रतिशत करें मतदान और मताधिकार का प्रयोग है हमारी नैतिक जिम्मेदारी




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टिट्यूशन फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल जैन ने शहर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की है कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रत्याशी संजीव शर्मा को अपना बहुमूल्य मत देकर रिकॉर्ड मतों से विजयी बनायें।

सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बिना किसी भेदभाव के नई-नई जनकल्याणकारी योजनाओं के द्वारा युवाओं को महिलाओं को व्यापारियों, उद्यमियों, किसानों को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए विभिन्न लाभकारी योजना बनाकर समाज के अंतिम नागरिक तक उसका लाभ पहुंचाने के लिए दोनों सरकार प्रतिबद्ध हैं।

उत्तर प्रदेश का विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बहुत तेजी से किया जा रहा है जिनमें उद्योग के क्षेत्र, शिक्षा के क्षेत्र, इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट के क्षेत्र, चिकित्सा के क्षेत्र, उद्योग व्यापार के क्षेत्र मुख्य हैं। इसलिए संजीव शर्मा को अपना महत्वपूर्ण वोट देकर योगी आदित्यनाथ के हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा मतदान करना एक नागरिक का परम कर्तव्य भी है और अधिकार भी। इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए और प्रयास होना चाहिए कि शत प्रतिशत मतदान अवश्य करें। डॉ.अतुल कुमार जैन ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी आह्वान किया है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 16 नवंबर-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# सीएम के रथ पर चाहते हैं भाजपा वाले 8 चेहरों को चढ़ाना

## मगर सिक्योरिटी, प्रोटोकॉल के चलते बहुत मुश्किल लग रहा है ऐसा हो पाना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद आ रहे हैं। हर किसी की तमन्ना होती है कि जब मुख्यमंत्री शहर में आए तो वो भी उनसे मिले। मुख्यमंत्री से मुलाकात हो, इसके लिए संगठन कुछ चेहरों को हैलीपेड पर तो कुछ को सीऑफ करने के लिये ड्यूटी लगाता है। कुछ को मंच के पास मिलवाता है और संगठन का ये प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक चेहरे मुलाकात कर लें और मुख्यमंत्री का प्रोटोकॉल भी कायम रहे।



मुख्यमंत्री हाल ही में जब गाजियाबाद आए तो रालोद वालों को हैलीपेड पर मिलवाया गया, व्यापारियो को मंच के पास मिलवाया गया। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में रोड शो करने आ रहे हैं और सबसे खास बात ये है कि आज विधायकों, सांसदों और संगठन के पदाधिकारियों की ये तमन्ना है कि उन्हें भी मुख्यमंत्री के रोड शो वाले रथ पर स्थान मिले।

बताते हैं कि भाजपा वाले अपने आठ चेहरों को मुख्यमंत्री के रथ पर चढ़ाना चाहते हैं, लेकिन सिक्योरिटी प्रोटोकॉल के चलते ये काम मुश्किल लग रहा है। सूत्र बताते हैं कि ये वही रथ है जिसमें प्रधानमंत्री ने रोड शो किया था। उस समय इस रथ पर प्रधानमंत्री सवार हुए थे, मुख्यमंत्री सवार हुए थे, लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी थे। अब ये बताया जाता है कि इस रथ पर सीएम के साथ भाजपा के आठ चेहरे सवार होना चाहते हैं जबकि सिक्योरिटी प्रोटोकॉल पांच चेहरों को अनुमति देगा। भाजपा वालों की कोशिश है कि उनके आठ चेहरों को स्थान मिले। भाजपा ने एक लिस्ट भेजी है और इस लिस्ट में आठ वो नाम हैं जो मुख्यमंत्री के रथ पर सवार होना चाहते हैं।

बताया जाता है कि ये काम काफी टफ लग रहा है क्योंकि संगठन चाहता है कि आठ लोग रथ पर सवार हों और सुरक्षा बल कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। उनके लिए मुख्यमंत्री की सुरक्षा सबसे अहम है। संगठन चाहता है कि किसी तरह से आठ लोग इस रथ पर आ जाए। सुरक्षा बल प्रोटोकॉल फॉलो करने की बात कह रहे हैं और सूत्र बता रहे हैं कि कई नाम बिना रथ पर चढ़े ही उतर जाएंगे। अब ये देखना रोचक रहेगा कि मुख्यमंत्री के रथ पर यहां से भाजपा के कौन-कौन नेता सवार होंगे और वीवीआईपी वाली फीलिंग लेंगे।

### सांसद, मंत्री और विधायक वाली लिस्ट में हैं ये नाम

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा ने अपनी लिस्ट सुरक्षा बलों को भेज दी है। भाजपा की ये कोशिश है कि जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों को सम्मान मिले। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने जो सूची भेजी है उसमें लोकसभा सांसद का नाम है। एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्यमंत्री का नाम है। एक विधायक मौजूद रहेंगे और मेयर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। इसके अलावा इस लिस्ट में एक एमएलसी और संगठन के एक पदाधिकारी को रथ पर लेने की सिफारिश की गई है। पदाधिकारी नाम नहीं खोला गया है और इसमें कहा गया है कि ये पदाधिकारी क्षेत्रीय कमेटी भी हो सकते हैं और प्रदेश कमेटी के भी हो सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवार संजीव शर्मा भी मुख्यमंत्री के साथ रथ पर सवार रहेंगे। बहरहाल यहां के आठ नामों की सूची जा चुकी है अब ये सुरक्षा एजेंसियों को तय करना है कि वो किसे अनुमति देते हैं, क्योंकि सीएम के रथ के हिसाब से केवल पांच व्यक्तियों को ही परमीशन मिल सकती है। अब जब आज मुख्यमंत्री आएंगे तो ये देखना है कि वो किस नेता को प्राथमिकता देंगे और किसे अपने साथ बिठाएंगे।

# जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियों व मतगणना स्थल का जायजा लिया

## गाजियाबाद में विधानसभा उप चुनाव को लेकर अफसरों ने देखी तैयारियां, अफसरों को कड़े निर्देश





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल व मतगणना स्थल का जायजा लिया। जहां डीएम ने सभी अधिकारियों को चुनाव सम्बंधी कड़े निर्देश दिए। जहां मतगणना होनी है वहां के लिए भी कड़े निर्देश दिए।गाजियाबाद विधानसभा 56 में उप निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कमला नेहरू नगर व मतगणना स्थल गोविन्दपुरम अनाज मंडी का स्थलीय किया। वाहनों की पार्किंग को लेकर भी डीएम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।अलग अलग स्थानों पर लगाए जा रहे टेंट

डीएम ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव में में ही निर्वाचन से सम्बंधित दोनों स्थलों पर सफाई कराते हुए कूड़े का निस्तारण करें। इसके साथ ही नियमानुसार निर्वाचन सम्बंधी जो भी कार्य बचे हैं उन्हें समय से पूरा किया जाए। सभी अफसरों से डीएम ने कहा कि मौसम अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए नियमानुसार टेंट, बिजली, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पानी टायलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां रखें। इस मौके पर एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# क्या भगवा गढ़ में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बन गए हैं दूसरे पॉवर सेंटर

## जो सांसद अतुल गर्ग के सिस्टम में एडजस्ट ना हो वो यहां हो सकता है एंटर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत का नाम ही सत्ता है और यहां सारी लड़ाई ही सत्ता की चलती है। सत्ता यानी पावर और पावर की एक खूबी होती है कि वो विभाजित हो जाती है। भारत का संविधान भी शक्तियों को विभाजित करता है, वो शक्तियों को विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में विभाजित करता है। पक्ष और विपक्ष का झगड़ा ही पावर को लेकर होता है। पावर का नाम शक्ति है और शक्ति का ये नियम है कि वो हमेशा नेतृत्व मांगती है। शक्ति कभी भी किसी एक की होकर नहीं रहती और हर शक्ति के पीछे कई शाली होते हैं। गाजियाबाद में भी।

जबसे जनरल वीके सिंह एक्स हुए हैं तब से यहां कई परिवर्तन आए हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि जनरल को एक्स करने के लिये सारी शक्तियां केंद्रित हो गई थीं। उनसे वन टू वन करने के लिये सभी ने एकजुटता बनाई थी। तब सब एकसाथ हो गए थे। ये शक्तियों के केंद्रीयकरण का ही तो नतीजा है कि आज अतुल गर्ग सांसद हैं और वो भगवा गढ़ की सबसे बड़ी शक्ति का केंद्र यानी पावर सेंटर बनकर उभरे हैं। अब ये चर्चा उठने लगी है कि कैबिनेट मंत्री बनने के बाद भगवा गढ़ में तेजी से पावर के दूसरे सेंटर बनकर उभरे हैं। वो संदेश दे रहे हैं कि जो सांसद के फ्रेम फिट ना हो रहा हो वो यहां एंटर कर ले और खुद को पावर सेंटर में एडजस्ट कर लें।







अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और उनका सियासी कद बढ़ा है, लेकिन यहां सुनील शर्मा भी कैबिनेट में आए हैं और वो कार्यकताओं से जुडकर चल रहे हैं और इस नए पावर सेंटर को लेकर चर्चा यही है कि ये सभी शक्तियां मजबूती के साथ चल रही है। दो पावर सेंटर बने हैं और उसकी वजह भी ये है कि कभी किसी का तालमेल अगर इस वाले सेंटर से नहीं है तो वो दूसरे सेंटर से फेवर कर सकता है।

### सांसद अतुल गर्ग का राष्ट्रीय राजनीति में लगातार बढ़ रहा है कद

**करंट क्राइम।** अगर राजनीति की बात करें और पावर सेंटर की बात करें तो इसमें कोई दो राय नहीं है कि अतुल गर्ग सबसे पावर सेंटर के रूप में खुद को स्थापित कर चुके हैं। राष्ट्रीय राजनीति की बात करें तो वो भाजपा की सदस्यता अभियान समीक्षा समिति में हैं और पूरे देश में केवल राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा तीन सांसद चुने गए हैं जिसमें अतुल गर्ग भी हैं। अतुल गर्ग का कद ये है कि वो हाल ही में राष्ट्रपति के साथ तीन देशों के राजकीय दौरे पर गए। अतुल गर्ग दिल्ली प्रदेश के सहप्रभारी बनाए गए हैं, वो चंडीगढ के प्रभारी हैं, वो बिहार में सदस्यता अभियान संभाल रहे हैं। ऐसे में ये चर्चा है कि सांसद अतुल गर्ग ने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पकड़ बनाई है। वो पावर सेंटर बने हैं।

### अगर नहीं हो रहे हो एडजस्ट तो यहां हो जाओ सेट का संदेश

**करंट क्राइम।** हालांकि भाजपा का विधायक टोला एक रहता है और ये अपना संदेश भी देते आए हैं। अतुल गर्ग के यहां चुनाव लड़ने वालों का मेला है क्योंकि वो दिल्ली के चुनाव प्रभारी हैं। संजीव शर्मा का टिकट कैसे और किसके कहने पर हुआ है ये सबको पता है। बताया तो ये जाता है कि संजीव शर्मा के टिकट में सबसे बड़ा अतुलनीय सहयोग ही सांसद खेमे का है। ऐसे में ये चर्चा है कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इस चुनाव में कितना सहयोग करेंगे। पावर सेंटर में ये भी हुआ है जो चेरहे दूर थे वो अब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के पास आए हैं। चर्चा यही है कि चीजे जब पावर सेंटर से चलेंगी तो खुद को कांटों से दूर रखेंगी। नए पावर सेंटर में कितनी पावर है ये पुराने खिलाड़ी बता सकते हैं। बहरहाल सत्ता का विकेंद्रीयकरण होता दिखाई दे रहा है।

# अब हो चुका है लगभग सीन पूरी तरह चुनावी रण में स्पष्ट

## विपक्ष के बड़े चेहरों के नहीं होने हैं रोड-शो और जनसभा जनसंपर्क

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण अब नजदीक आ रहा है। सभी दल अपने-अपने प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। एक तरफ जहां भाजपा ने अपने तीन मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है, उसके मुख्यमंत्री तीन बार चुनाव प्रचार में आ चुके हैं। बूथ पर कार्यकर्ता मौजूद हैं और उम्मीदवार भी प्रचार कर रहे हैं। वहीं इस मामले में विपक्षी दल पीछे चल रहे हैं। समाजवादियों ने कार्यक्रम आयोजित कराया, लेकिन इस कार्यक्रम का पब्लिक से कोई संपर्क नहीं था ये एक कार्यकर्ता सम्मेलन था। वहीं कांग्रेस की बात करें तो अब प्रियंका गांधी और राहुल गांधी जैसे बड़े चेहरों के आने का कोई सीन नहीं बन रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस संबंध में अलग अलग सियासी दलों के नेताओं को टटोला तो स्थिति स्पष्ट हो गई। सभी ने बता दिया कि कोई आदेश कोई कार्यक्रम ऊपर से नहीं आया है। ऐसे में ये मानकर चला जा रहा है कि अब विपक्षी दलों की कोई जनसभा या बड़े नेता को कोई रोड शो नहीं होना है। इसकी वजह भी ये बताई जा रही कि अब केवल दो दिन चुनाव प्रचार में रह गए हैं। दैनि करंट क्राइम ने जब कांग्रेस और सपा से लेकर बसपा के नेताओं को टटोला तो पता चला कि कोई बड़ा कार्यक्रम नहीं होने जा रहा है।




बसपा सुप्रीमो भी नहीं आ रही हैं औरउनके भतीजे आकाश आनंद भी नहीं आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का अभी अब यहां कार्यक्रम लगना मुश्किल है। ऐसे में ये सीन स्पष्ट हो गया है कि चुनाव का प्रचार अब स्थानीय नेताओं ने संभाल लिया है वो अपने दम पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं। इस बात की उम्मीद नहीं लग रहीहै कि कोई बड़ा नेता अब चुनाव प्रचार के लिये आएगा। क्योंकि अगर जनसभा भी होनी है तो उसके भी इंतजाम करने पड़ते हैं, परमीशन लेनी पड़ती है, लोग बुलाने पड़ते हैं। ऐसे में अब विपक्षी दल चाहे कांग्रेस हो, सपा हो या बसपा हो अब इनके बड़े नेताओं के गाजियाबाद आकर जनसंपर्क करने के चांस कम ही हैं।

# गढ़ गंगा मेले में पहुंचे 30 लाख श्रद्धालु

## कार्तिक पूर्णिमा पर किया स्नान, 16 किमी में फैला है लक्खी मेला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कार्तिक पूर्णिमा पर मुख्य गंगा स्नान करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर के लक्खी मेला में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शुक्रवार सवेरे तक करीब 30 लाख श्रद्धालु मेले में पहुंच गए। करीब 16 किलोमीटर एरिया में फैला मेला परिसर गंगा मईया के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। भोर से ही श्रद्धालुओं ने स्नान करके गंतव्यों को निकलना शुरू कर दिया है।



### पूरी रात में तय हुआ 10 किलोमीटर का रास्ता

करंट क्राइम। भारी भीड़ की वजह से गुरुवार पूरी रात गढ़मुक्तेश्वर से लेकर मेला परिसर तक जाम लगा रहा। इसकी दूरी करीब 10 किलोमीटर है। पूरे रास्ते पैर रखने तक की जगह नहीं थी। लोगों को ये 10 किलोमीटर का रास्ता तय करने में पूरी रात बीत गई। यही स्थिति दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर रही। यहां बृजघाट के दोनों तरफ करीब 12 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा।

शुक्रवार सुबह 4 बजे से ही स्नानार्थी स्नान करके लौटना शुरू हो गए। इस वजह से फिर से जाम की दिक्कत शुरू हो गई है। गंगा मेला से लेकर गढ़ तक पूरे रास्ते जाम लगा हुआ है। ट्रैफिक पुलिस के सारे इंतजाम ध्वस्त हो गए हैं।

### गंगा किनारे बसा तंबुओं का शहर

**करंट क्राइम।** गढ़मुक्तेश्वर गंगा मेला उत्तर प्रदेश का प्रमुख मेला है। यहां कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली राज्यों से बड़ी संख्या में स्नानार्थी पहुंचे। ग्रामीण परिवेश से जुड़े इस मेले में शामिल होने के लिए गांव-देहात के लोग ट्रैक्टर, बुग्गियों और अन्य वाहनों से करीब एक हफ्ता पहले ही पहुंचना शुरू कर दिए थे। इस तरह गंगा किनारे तंबुओं का एक नया शहर बस गया। इस बार ये मेला करीब 16 किलोमीटर एरिया में फैला हुआ था। पहली बार मेले को सेक्टर की बजाय गंगा घाट नंबर में बांटा गया है। घाट नंबर के हिसाब से ही अलग-अलग राज्यों और शहरों से आए श्रद्धालुओं को तंबु बांटे गए।

# अधिवक्ताओं का महासम्मेलन आज कचहरी के मुख्य मार्ग पर बनाया गया पंडाल

## जिला जज गाजियाबाद को हटाने और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूर्वांचल के बार अध्यक्ष भी रहेंगे मौजूद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 29 अक्टूबर को गाजियाबाद कचहरी में जिला जज के कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया था और तब से गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश और प्रयागराज, लखनऊ के साथ ही दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के अलग-अलग जिलों में बार एसोसिएशन के साथ अधिवक्ता हड़ताल कर जिला जज गाजियाबाद को हटाए जाने का आंदोलन चला रहे हैं। गाजियाबाद में कचहरी पिछले 18 दिनों से बंद चल रही है। हड़ताल की वजह से हजारों केस रुक गए हैं। तो वहीं कोर्ट की कार्रवाई पूरी तरीके से बंद चल रही है।

शनिवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के समर्थन में उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली, हरियाणा और पंजाब की बार एसोसिएशन पदाधिकारी समर्थन और इस आंदोलन में आगे की रणनीति को लेकर महासम्मेलन कर रहे हैं। इस महासम्मेलन में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के शामिल होने का अनुमान है। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा द्वारा जानकारी दी गई है कि कई जनपदों से अधिवक्ता आए हैं। उनके रुकने की व्यवस्था बजरिया के होटल में की गई है। साथ ही उनके लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई है।



### 18 दिनों से नहीं हुआ है कचहरी में कोई काम

**करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया है कि बीते 18 दिनों से अधिवक्ता गाजियाबाद सहित प्रदेश के अन्य जिलों में हड़ताल पर हैं। गाजियाबाद में लगातार हड़ताल होने से कचहरी का काम पूरी तरीके से प्रभावित हो रहा है। तो वही सुनवाई नहीं हो रही है और आगे की कार्यवाही में भी देरी और अडचन आ रही है। उन्होंने कहा है कि अधिवक्ता आरपार की लड़ाई के मूड में हैं और वह चाहते हैं कि जिला जज पर कार्रवाई हो और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को भी बर्खास्त किया जाए।

### सुबह 10 बजे शुरू होगी अधिवक्ताओं की महापंचायत, पुलिस रहेगी तैनात

**करंट क्राइम :** शनिवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बैनर तले और उनके समर्थन देने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से बड़ी संख्या में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी आ रहे हैं। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि सुबह 10 बजे से कचहरी जाने वाले मार्ग पर बड़ा टेंट लगाकर महापंचायत शुरू की जाएगी। इस दौरान बाहर से आए बार संघों के पदाधिकारी अपने समर्थन के पत्र सौंपेंगे और आंदोलन को लेकर आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। सूत्र बता रहे हैं कि 18 नवंबर के बाद इस पूरे मामले में निर्णायक कार्रवाई आगे के लिए तेज की जाएगी। आज शनिवार को बार में महापंचायत है, इसको लेकर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की कचहरी और उसके आसपास ड्यूटी लगाई गई है। बता दें कि शनिवार को ही दोपहर बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजय नगर में कार्यक्रम है। ऐसे में गाजियाबाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहेगा।



### बार एसोसिएशन और बार काउंसिल की महापंचायत पर नजर

**करंट क्राइम :** शनिवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बैनर चले अधिवक्ताओं का महासम्मेलन है। महासम्मेलन को आयोजित करने के लिए गाजियाबाद के प्रमुख स्थानों पर बड़े-बड़े बैनर और होल्डिंग लगाए गए हैं। इसके साथ ही अधिवक्ताओं को भी बड़ी संख्या में आमंत्रित किया गया है। अधिवक्ताओं के साथ ही टैक्स बार एसोसिएशन, तहसील और अन्य संघ भी बुलाए गए हैं ताकि अधिवक्ता एक राय होकर इस आंदोलन को प्रमुखता और ताकत के साथ आगे चल सके और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उधर सूत्र बता रहे हैं कि महापंचायत को लेकर बार काउंसिल की भी नजरें गाजियाबाद पर जमी हुई हैं।

## संपादकीय

# रोजगार की चुनौती

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) की गणना देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में होती है. कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद छात्रों को इन संस्थानों में प्रवेश मिलता है, जहां पढ़ाई एवं प्रशिक्षण का स्तर बहुत कठिन होता है. इसके बावजूद इस वर्ष वहां के 30-35 प्रतिशत स्नातकों को कैंपस प्लेसमेंट से नौकरी नहीं मिल सकी है. पिछले साल की तुलना में भर्ती की प्रक्रिया धीमी है. उल्लेखनीय है कि सूचना तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कम नौकरियां उपलब्ध हैं और हमारे देश में भी उसका असर दिख रहा है. करियर की सुरक्षा के कारण कुछ छात्र सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों में भी नौकरी करना चाहते हैं।

जिन छात्रों को प्लेसमेंट नहीं मिली है, उनमें से अनेक कोचिंग संस्थाओं में पढ़ाने का काम कर रहे हैं. तकनीक, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के अच्छे संस्थानों के बहुत से छात्र अपेक्षा से कम वेतन पर भी काम कर रहे हैं. यह चिंताजनक स्थिति है और उद्योग जगत को आगे आकर प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना चाहिए. इसके बरक्स दूसरी समस्या हमारे देश में यह है कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्नातकों के बड़ा हिस्सा रोजगार के योग्य ही नहीं है. हाल में जारी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन एवं इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट की रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि कौशल और प्रशिक्षण का अभाव शिक्षित युवाओं में बड़ी बेरोजगारी की मुख्य वजह है. हमारे देश का शिक्षा उद्योग 117 अरब डॉलर से अधिक है और तेजी से नये-नये कॉलेज खुल रहे हैं।

हमारी आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाये रखने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है. विकास के इस मोड़ पर युवाओं में कौशल का अभाव भारी नुकसान का कारण बन सकता है. एक ओर कुछ प्रतिष्ठित संस्थानों से निकले लोग वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व के स्तर पर हैं, तो दूसरी ओर स्नातकों की बड़ी संख्या के पास सामान्य रोजगार तक के लिए क्षमता की कमी है. पिछले साल के एक अध्ययन में पाया गया था कि देश में केवल 3.8 प्रतिशत इंजीनियर हैं, जिनके पास स्टार्टअप में सॉफ्टवेयर संबंधी नौकरी के लिए जरूरी कौशल है. हमारे देश में शिक्षा की जरूरत और मांग को देखते हुए निजी क्षेत्र का योगदान अहम है. लेकिन कई संस्थान ऐसे हैं, जहां शिक्षकों की कमी है, प्रयोगशालाएं नहीं है और पढ़ाई का स्तर निम्न है. हालांकि सरकारी और निजी संस्थाओं की निगरानी के लिए केंद्रीय और राज्य-स्तरीय संस्थान एवं विभाग हैं, फिर भी अगर गुणवत्ता का अभाव है, तो यह बेहद चिंता की बात है. आइआइटी के स्नातकों को आज नहीं, तो कल नौकरी मिल जायेगी, लेकिन बाकी के कौशल एवं प्रशिक्षण के बारे में सोचना बहुत जरूरी है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 'अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति देने के लिए दरों को घटाए आरबीआई,



**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने महंगाई कम करने के लिए देश की अर्थव्यवस्था में रफ्तार देने की जरूरत का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास को रफ्तार देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई को ब्याज दरों में कटौती करनी चाहिए। देश में बढ़ती महंगाई को लेकर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के सामने कुछ मांगे रखी है। जिसमें उन्होंने कहा कि विकास को रफ्तार देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई को ब्याज दरों में कटौती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दरों में कटौती का विकल्प चुनने के लिए खाद्य महंगाई पर विचार करना गलत सिद्धांत है। जिससे महंगाई दिसंबर में कम हो सकती है।

### अर्थव्यवस्था को रफ्तार की जरूरत है : गोयल

गुरुवार को एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा, खाद्य पदार्थों के दाम में तेजी से खुदरा महंगाई के प्रबंधन का कोई लेना-देना नही है। अब समय आ गया है, जब नीति निमार्ता और मौद्रिक नीति समिति एक साथ तय करें कि क्या खाद्य पदार्थों के दाम को खुदरा महंगाई की गणना करने में शामिल किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि इस पर गंभीरता से चर्चा हो। अर्थव्यवस्था को रफ्तार की जरूरत है।

### भारतीय स्टेट बैंक का कर्ज 0.05 फीसदी महंगा

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई ने चुनिंदा अवधि वाले कर्ज की ब्याज दरों में 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें शुक्रवार से लागू होंगी।

बैंक ने बताया, एक साल के कर्ज की ब्याज दर अब 9 फीसदी होगी। बैंक ने तीन और छह महीने की अवधि वाले कर्जों को भी महंगा कर दिया है। हाल के समय में दो बार कर्ज महंगा किया है। इसका कारण जमा जुटाने के लिए ज्यादा ब्याज देना पड़ रहा है।

## आने वाले महीनों में भारत का कुल निर्यात 800 बिलियन डॉलर के पार होगा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में निर्यात की मजबूत और लचीली गति को देखते हुए उद्योग विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि वे आने वाले महीनों में भारत के कुल निर्यात के 800 बिलियन डॉलर पार करने की उम्मीद कर रहे हैं। अक्टूबर में भारत का निर्यात बढ़कर 73 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया, जो पिछले साल इसी महीने 61 बिलियन डॉलर से अधिक था, जो 19 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करता है।

अप्रैल-अक्टूबर 2024 के दौरान संचयी कुल निर्यात 7 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ा, जो अप्रैल-अक्टूबर 2023 में 436.4 बिलियन डॉलर से बढ़कर 468.2 बिलियन डॉलर हो गया। भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं के बावजूद, भारत के कुल निर्यात में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की



गई। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा, यह मजबूत वृद्धि गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि से प्रेरित है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर के दौरान भारत का अकेले व्यापारिक निर्यात 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.20 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 33.43 बिलियन डॉलर था। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान व्यापारिक निर्यात का संचयी मूल्य 252.28 बिलियन डॉलर था, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 244.51 बिलियन डॉलर था। जैन ने कहा, चालू वित्त वर्ष में निर्यात की लचीली और मजबूत गति को देखते हुए, हम अत्यधिक आशावादी हैं कि आने वाले महीनों में भारत का कुल निर्यात 800 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। अक्टूबर 2024 में गैर-पेट्रोलियम निर्यात का मूल्य 34.61 बिलियन डॉलर था, जो अक्टूबर 2023 के 27.55 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े की तुलना में 25.63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है।

## भारत 2031 तक बनेगा 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्थाः रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा। इस दौरान देश की जीडीपी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी। यह जानकारी रेटिंग एजेंसी क्रिसिल द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वित्त वर्ष 2025 से लेकर वित्त वर्ष 2031 तक की वार्षिक वृद्धि दर महामारी से पहले के दशक की औसत विकास दर 6.6 प्रतिशत के जैसी ही होगी। बढ़त की वजह पूंजीगत खर्च और उत्पादकता में इजाफा होना है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया कि चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी वजह ब्याज दरें उच्च स्तर पर और सख्त लेंडिंग नियमों का होना है। इसके कारण शहरी मांग पर असर हुआ है। ईटी-क्रिसिल इंडिया प्रोग्रेस रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का असर भी विकास पर दिखना चाहिए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर 2024-25 में औसत 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि पिछले साल के औसत 5.4 प्रतिशत से कम है। रिपोर्ट में मौसम की स्थिति और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को विकास और महंगाई के लिए मुख्य जोखिम माना गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस वर्ष खरीफ की बुआई अधिक हुई है, लेकिन अधिक और बेमौसम बारिश के प्रभाव का पता लगाने की जरूरत है।

## राशिफल

**मेष :** रोजगार प्राप्त होगा। ऐश्वर्य के साधन जुटेंगे। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष :** रचनात्मक कार्य पूर्ण होंगे। कार्य से लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन से लाभ में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक मतभेद बढ़ सकते हैं। दूसरों की भावना का खयाल रखें।

**कर्क :** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। अपेक्षित कार्य समय पर पूर्ण होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सुख के साधनों पर खर्च होगा। पार्टनरों से मतभेद खत्म होंगे।

**सिंह :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। बुरी खबर मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। घर-बाहर तनाव रहेगा। सामंजस्य बैठाएं।

**कन्या :** बिगड़े काम बनेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** जल्दबाजी करने व विवाद से बचें। राजकीय बाधा से सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृश्चिक :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मनोरंजक यात्रा होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। किसी पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेना पड़ सकता है।

**धनु :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। दूसरों पर भरोसा न करें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों से मतभेद हो सकता है।

**मकर :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। नए काम की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ :** आर्थिक नीति में परिवर्तन संभव है। कार्यस्थल पर सुधार होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। नए कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन :** घर-परिवार में कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। तीर्थयात्रा की योजना कार्यरूप लेगी। संत-महात्मा के दर्शन होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

## चुटकुले

पागलखाने में एक डॉक्टर मरीजों से घूम-घूमकर मिल रहा था
एक मरीज के पास वह पहुंचा, तो वह मरीज बोला
डॉक्टर साहब- आप पिछले डॉक्टर से ज्यादा अच्छे हैं.
डॉक्टर मरीज की बात सुनकर खुश हुआ और पूछा- कैसे लगा कि मैं अच्छा हूं?
मरीज उत्साहित होते हुए बोला- आप हम लोगों के जैसे ही लगते हैं!

---

आधी रात को चोर शराब पीकर सड़क पर जा रहा था,
एक पुलिस वाले ने रोक कर पूछा कहां जा रहे हो?
चोर- दारू पीने से होने वाले नुकसान पर प्रवचन सुनने,
पुलिस वाला- इतनी रात को क्या तुम्हारे पिताजी प्रवचन देंगे?
चोर- नहीं, साहब बीवी देगी!

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान की सबसे छोटी हड्डी कान में होती है।
- बिल्लियां अपनी जिंदगी का 66 प्रतिशत हिस्सा सोते हुए गुजारती हैं।
- स्विट्जरलैंड में दुनिया में सबसे अधिक चॉकलेट खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।
- पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।
- जब आसमान की बिजली गिरती है तब तापमान 30,000 डिग्री तक हो सकता है।
- हर बार जब भी आप पूरा चांद देखते हैं हर बार इसकी एक ही साइड ही दिखती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।

प्रिय पाठको! आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad
Mo. 09899655497 • Email: currentcrimenews@gmail.com • Website: www.currentcrime.com




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार • समाचार संपादक : दीपक भाटी • संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# दबंग दिल्ली के स्टार रेडर आशु मलिक ने कहा, दबाव कुछ और नहीं सिर्फ बातें हैं

**नोएडा।** पीकेएल सीजन 11 में 100 रेड पॉइंट पूरे करने वाले पहले रेडर बनने के बाद दबंग दिल्ली के स्टार रेडर आशु मलिक ने अपने शानदार सफर और मानसिकता के बारे में खुलकर बात की।

आशु मलिक ने मैच के दबाव के बारे में बात करते हुए कहा, दबाव कुछ और नहीं बल्कि सिर्फ बातें हैं। मैं पूरी तरह से फ्रेश माइंड के साथ मैच में उतरता हूं।

मलिक इस सत्र में अपने खेल में सुधार का श्रेय मुख्य कोच जोगिंदर नरवाल के मार्गदर्शन को देते हैं। उन्होंने कहा, शिविर में अभ्यास अच्छा रहा, कोच ने तकनीक और गेम को बेहतर बनाने में पूरी मदद की। उन्होंने खुद कई पीकेएल सीजन खेले हैं, और नए खिलाड़ियों को छोड़कर, उन्होंने हमारे ज्यादातर युवा खिलाड़ियों के साथ खेला है। वह हर खिलाड़ी की कमजोरियों और तकनीकों को जानते हैं।



**मलिक इस सत्र में अपने खेल में सुधार का श्रेय मुख्य कोच जोगिंदर नरवाल के मार्गदर्शन को देते हैं। उन्होंने कहा, शिविर में अभ्यास अच्छा रहा, कोच ने तकनीक और गेम को बेहतर बनाने में पूरी मदद की**

खिलाड़ी से कोच बने इस अनोखे नजरिए ने विशेष रूप से फायदा पहुंचाया है, क्योंकि खेल के बारे में जोगिंदर की प्रत्यक्ष समझ उन्हें अपनी टीम को ज्यादा प्रभावी ढंग से रणनीति बताने में मदद करती है।

पिछले चैंपियन पुनेरी पलटन के खिलाफ अपने पिछले मैच में दबंग दिल्ली ने अंतिम 10 मिनट में 15 अंक बनाए और एक अच्छी टाई सुनिश्चित की। अपनी टीम के दमदार प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, मलिक ने उनकी दृढ़ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, शुरूआत में, उनके डिफेंस ने हम पर दबाव बनाया... लेकिन हमें पता था कि हमें उनकी बढ़त को तोड़ना होगा। हमने हर रेड में कोशिश की।

उन्होंने टीम के सामूहिक प्रयास की प्रशंसा की, और बताया कि कैसे शुरूआती मिनटों के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली।

# आईपीएल 2025 : टॉप-3 विदेशी ऑलराउंडर जिन पर ऑक्शन में रहेगी फ्रेंचाइजी की नजर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 को लेकर सभी 10 टीमें एक मजबूत रणनीति तैयार करने में जुटी हुई है। रिटेंशन लिस्ट जारी होने के बाद अब सबकी नजरें आईपीएल मेगा ऑक्शन पर है। टी20 क्रिकेट के तेजी से बदलते परिदृश्य में अब ऑलराउंडरों की मांग काफी बढ़ गई है।

वैसे तो आईपीएल में भारतीय समेत दुनिया भर के दिग्गज ऑलराउंडरों की भरमार है, लेकिन हम उन तीन विदेशी ऑलराउंडर की बात करेंगे, जो ऑक्शन में फ्रेंचाइजी की रडार पर होंगे।

ग्लेन फिलिप्स (उम्र 27 साल, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम, बैटिंग ऑलराउंडर) शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने सभी फॉर्मेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कीवी ऑलराउंडर ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन पर मेगा नीलामी से पहले आईपीएल टीमों की खास नजर होगी। मध्यक्रम में अपनी



विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले फिलिप्स किसी भी टी20 टीम के लिए एक शानदार विकल्प हो सकते हैं।

हालांकि, वह 2024 के आईपीएल सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा थे, लेकिन टीम के मजबूत विदेशी लाइनअप के कारण उन्हें बेंच पर ही रहना पड़ा। हालांकि, फिलिप्स का हालिया फॉर्म उन्हें आगामी नीलामी में एक बड़ी कीमत वाला खिलाड़ी बना सकता है।

मार्कस स्टोइनिस (उम्रः 35 साल, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम, बैटिंग ऑलराउंडर)। ऑस्ट्रेलिया के मीडियम पेसर ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन में सबसे हॉट पिक साबित हो सकते हैं। पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मार्कस स्टोइनिस का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा था। इसलिए इस ऑक्शन में उन्हें इससे भी ज्यादा रकम मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

कैमरून ग्रीन (उम्र : 25 साल, आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम, बैटिंग ऑलराउंडर)। ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए पेस बॉलिंग ऑलराउंडर कैमरून पिछले दो सीजन से खूब चर्चा में रहे हैं। सबसे पहले मुंबई इंडियंस ने उन पर 15 करोड़ से अधिक बोली लगाई थी। इसके बाद आरसीबी ने पिछले सीजन में उन्हें मुंबई से 17.50 करोड़ रुपये में ट्रेड कर सबको हैरान कर दिया था। ऐसे में ये खिलाड़ी एक बार फिर ऑक्शन की लाइमलाइट बढ़ा सकता है।

# इंग्लैंड सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे टिम साउदी

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम के लिए सर्वाधिक विकेट लेना वाला यह गेंदबाज इस साल दिसंबर में इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन के सेडन पार्क में अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट करियर का आखिरी मैच खेलेगा।

साउदी के नाम 770 विकेट हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज उनके लिए अंतिम सीरीज होगी। हालांकि, अगर न्यूजीलैंड अगले जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेती है, तो वह उसके लिए उपलब्ध रहेंगे।

साउदी ने एक बयान में कहा, न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना ही वह सब था जिसका मैंने बचपन में सपना देखा था। 18 वर्षों तक



ब्लैककैप्स के लिए खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान और सौभाग्य रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं उस खेल से दूर हो जाऊं जिसने मुझे इतना कुछ दिया है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है और उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ इतनी बड़ी श्रृंखला खेलने में सक्षम होना, जिसके खिलाफ इतने साल पहले मेरा टेस्ट करियर शुरू हुआ था, वह बड़ा खास है। इसके अलावा इन तीनों मैदानों पर खेलकर टेस्ट करियर को विदाई देना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से विशेष हैं। न्यूजीलैंड के लिए मेरे कार्यकाल को समाप्त करने का यह सबसे सही तरीका लगता है।

उन्होंने कहा, यह एक अद्भुत सफर रहा है और मैं इसमें कुछ भी नहीं बदलना चाहूंगा। मुझे इन रोमांचक युवा गेंदबाजों के साथ काम करना और उन्हें उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करते देखना वाकई बहुत पसंद है। अब इस टीम को आगे ले जाने की बारी उनकी है और वे जानते हैं कि मैं हमेशा उनका समर्थन करने के लिए मौजूद रहूंगा, चाहे वे पास हों या दूर।

इंग्लैंड श्रृंखला के बाद, साउदी क्रिसमस के बाद यह निर्णय लेंगे कि क्या वह श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अंतिम सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलेंगे या नहीं।

# प्रजनेश गुणेश्वरन ने पेशेवर टेनिस से संन्यास का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुक्रवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। ये स्टार भारतीय खिलाड़ी एक समय करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग 75 तक पहुंचे थे।

35 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, अपना रैकेट छोड़ रहा हूं। शुक्रिया।

प्रजनेश ने इंस्टाग्राम पर लिखा, इसे लिखते समय, तो मेरा दिल कृतज्ञता, गर्व और पुरानी यादों से भर गया है। आज, मैं आखिरी बार प्रतिस्पर्धी टेनिस कोर्ट से बाहर निकल रहा हूं। तीन दशकों से भी ज्यादा समय से, यह खेल मेरा आश्रय, मेरा सबसे बड़ा शिक्षक और मेरा सबसे वफादार साथी रहा है। अपने रैकेट के पहले शॉट से लेकर सबसे बड़े मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने तक, यह सफर किसी असाधारण से कम नहीं रहा है।

गुणेश्वरन ने शीर्ष 100 में जगह बनाई और करियर की सर्वोच्च 75वीं रैंकिंग हासिल की, जो ओपन एरा में किसी भारतीय के लिए आठवीं सर्वोच्च रैंकिंग है। घुटने की चोट से वापसी करने के बाद 2019 में उन्होंने पुरुष एकल में भारतीय खिलाड़ी के रूप में नंबर 1 स्थान हासिल किया।

उन्होंने पांच ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में भाग लिया और 2019 में सभी चार स्लैम खेले। उनकी पेशेवर उपलब्धियों में दो एटीपी चैलेंजर खिताब और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक भी शामिल है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, पसीने की हर बूंद, हर जीत, हर झटका यह सब मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा है। टेनिस ने मुझे अनुशासन और बड़े सपने देखने की शक्ति सिखाई। इसने मुझे ऐसी दोस्ती दी जो सीमाओं से परे है और ऐसी यादें जो जीवन भर रहेंगी। इसने मुझे गहराई से खुदाई करने, आगे बढ़ने और बेहतर बनने की चुनौती दी। न केवल एक खिलाड़ी के रूप में बल्कि एक इंसान के रूप में भी मैंने बहुत कुछ अनुभव किया।

चेन्नई के मूल निवासी ने पिछले कुछ वर्षों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बाद संन्यास लिया है क्योंकि वह कलाई की समस्या से जूझ रहे थे।

पोस्ट में लिखा गया है, मेरे कोच, टीम के साथी और सबसे बढ़कर मेरा परिवार मेरे सबसे बड़े समर्थक रहे हैं। मेरे प्रशंसकों का जिन्होंने मुझे उतार-चढ़ाव के दौरान प्रोत्साहित किया। मैं उन सबका दिल से आभारी हूं। और उस खेल का जिसने मुझे सब कुछ दिया, मैं आपका दिल से आभारी हूं।

प्रजनेश के संन्यास के बाद भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और महेश भूपति ने उन्हें उनके करियर के लिए बधाई दी।





# एचआईएल एक ऐसा रोमांच होगा जिसे मैं जीवन भर याद रखूंगी': ओडिशा वॉरियर्स की यिब्बी जेनसन

**नई दिल्ली।** यिब्बी जेनसन और हरमनप्रीत सिंह को हाल ही में मस्कट में एफआईएच स्टार अवार्ड्स 2024 में प्लेयर्स ऑफ द ईयर चुना गया। डच मिडफील्डर यिब्बी को पेरिस 2024 ओलंपिक में उनके असाधारण प्रदर्शन के बाद प्लेयर ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित किया गया, जहां वह आठ मैचों में नौ गोल के साथ अग्रणी गोल करने वाली खिलाड़ी के रूप में उभरीं।

महज 24 साल की यिब्बी को हाल ही में ओडिशा वॉरियर्स ने उद्घाटन महिला एचआईएल की नीलामी में 29 लाख रुपये की शानदार कीमत पर खरीदा, जिससे वह लीग की दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं। अपनी शानदार ड्रैग फ्लिक के लिए मानी जाने वाली, उन्होंने ओलंपिक के दौरान महत्वपूर्ण गोल किए, जिनमें सबसे खास 10 मिनट से भी कम समय शेष रहते स्वर्ण पदक मैच में बराबरी का गोल था, जिससे अंततः उनकी टीम को पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद मिली।

यिब्बी ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी की, मैं 2024 के लिए एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर नामित होने पर बहुत खुश और गौरवान्वित हूं, लेकिन अंत में यह एक टीम खेल है। हमने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है, और पिछली गर्मियों में मेरा सबसे बड़ा सपना ओलंपिक स्वर्ण जीतना था। और फिर इतनी अच्छी गर्मियों के बाद प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड जीतना बहुत खास है। पर्दे के पीछे बहुत काम होता है; मैं बहुत सारी स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, हॉकी ट्रेनिंग करती हूं और अपने पेनल्टी कॉर्नर में कुछ अतिरिक्त समय लगाती हूं। तो हां, इसमें बहुत समय लगता है, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे मैं पसंद करती हूं, इसलिए यह काम जैसा नहीं लगता।"उन्होंने कहा, मैंने अपने से बड़े खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखा है। एक-दूसरे को देखना और उनके पास मौजूद कुछ कौशल को अपने खेल में अपनाना हमेशा अच्छा लगता है।

मुझे लगता है कि हम एचआईएल के दौरान एक-दूसरे से बहुत कुछ सीख सकते हैं क्योंकि हम अलग-अलग राष्ट्रीयताओं के खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और हर देश का खेल अलग-अलग तरह का होता है। और दूसरे ड्रैग फ्लिकर्स के साथ ट्रेनिंग करना भी मजेदार होगा।"

2018 में यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ डच महिला टीम के लिए पदार्पण करने के बाद से, यिब्बी ने 82 कैप हासिल की हैं और नारंगी जर्सी में 71 गोल किए हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अग्रणी मिडफील्डर और ड्रैग फ्लिकर में से एक के रूप में, यिब्बी आगामी एचआईएल सीजन में ओडिशा वारियर्स के लिए आधारशिला बनने के लिए तैयार हैं।

### उन्होंने कहा, मैं इस जनवरी में भार

त में होने वाले रोमांच का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। यह पहली बार है जब महिलाओं के लिए हॉकी इंडिया लीग आयोजित की जा रही है और मैं ओडिशा वारियर्स के लिए खेलकर बहुत खुश हूं। हमारे पास वास्तव में एक अच्छी टीम है इसलिए हॉकी इंडिया लीग जीतना बहुत अच्छा होगा। मैं भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए भी उत्सुक हूं। हम पिछले साल भी भारत आए थे और मुझे यह बहुत पसंद आया।

# विश्व कप क्वालीफायर में पराग्वे ने अर्जेंटीना को हराया

**असंसियोन।** पराग्वे ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर वर्ल्ड कप क्वालिफायर में एक रोमांचक जीत हासिल की। एंटोनियो सनाब्रिया और ओमार अल्डेरेटे ने टीम के लिए गोल किए।



मैच का पहला गोल करते हुए इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज ने अर्जेंटीना के लिए पहला गोल किया। उन्होंने एनजो फर्नांडीज के शानदार पास पर दौड़ते हुए गेंद को अपने कंट्रोल में लिया और दूर के कोने में सटीक शॉट मारा।

थोड़ी देर बाद, सनाब्रिया ने गुस्तावो वेलास्केज के क्रॉस पर शानदार ओवरहेड वॉली से पैराग्वे के लिए स्कोर बराबर कर दिया। हाफटाइम के तुरंत बाद अल्डेरेटे ने डिएगो गोमेज की फ्री-किक पर हेडर मारकर पैराग्वे को बढ़त दिलाई।

अर्जेंटीना की टीम कोई गोल करने में सफल नहीं हो सकी और उनको मैच 1-2 से गंवाना पड़ा।

हालांकि इस हार के बावजूद, अर्जेंटीना 11 मैचों में 22 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी जोन में शीर्ष पर बनी हुई है।

# मेरी सोच हमेशा टीम को प्राथमिकता देने वाली रही है, आईपीएल नीलामी से पहले केएल राहुल

**नई दिल्ली।** जहां पूरा ध्यान पर्थ में होने वाले पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पहले टेस्ट पर है, वहीं 24-25 नवंबर को जेद्दाह में होने वाली आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी पर भी लोगों की निगाहें लगी रहेंगी।

नीलामी में सबसे ज्यादा दिलचस्पी इस बात पर होगी कि केएल राहुल कहां जाएंगे, खासकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके राहुल ने कहा है कि वह हमेशा टीम को प्राथमिकता देने वाले खिलाड़ी रहे हैं।

राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, खिलाड़ी के तौर पर हम सभी स्वतंत्रता के साथ खेलना चाहते हैं और हर कोई सोचता है कि जिस तरह से मैंने बल्लेबाजी की, मैं उसका लुत्फ उठा रहा हूं। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, मेरी सोच और प्रेरणा हमेशा टीम को



प्राथमिकता देने वाली रही है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं क्या करना चाहता हूं या मेरा स्वाभाविक खेल क्या है। हम एक टीम खेल खेलते हैं। अगर मैं टेनिस खेलता, तो यह अलग होता; मैं यह कह सकता था, 'यह मेरा स्वाभाविक खेल है।' लेकिन टीम के खेल में यह बहुत अलग होता है। हर मैच में आपको एक अलग भूमिका और जिम्मेदारी दी जाती है, ताकि आप टीम के लिए प्रदर्शन करने का तरीका खोज सकें।

राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 के पुरुष टी20 विश्व कप के बाद से भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं, और वह आईपीएल 2025 को लक्ष्य बना रहे हैं, चाहे वह जिस भी टीम के लिए खेलें, राष्ट्रीय टीम में वापसी की शुरूआत के रूप में। राहुल ने भारत के लिए 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 37.75 की औसत और 139.12 की स्ट्राइक रेट से 2,265 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 22 अर्द्धशतक शामिल हैं।

मेरा लक्ष्य स्पष्ट रूप से टी20 टीम में वापसी करना है। मैं हमेशा से सभी प्रारूपों का खिलाड़ी बनना चाहता था, और पिछले कुछ वर्षों में मेरी यह इच्छा और जोश नहीं बदला है। मैं अभी भी तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलना चाहता हूं और कई वर्षों से ऐसा कर रहा हूं।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफीः अजिंक्य रहाणे के पास होगी मुंबई की कमान

**मुंबई।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में मुंबई की कप्तानी करेंगे।

इस बीच, तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे टखने की सर्जरी के बाद ठीक होने की राह पर हैं। 29 वर्षीय तुषार ने आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया और इस साल की शुरूआत में मुंबई की रणजी ट्रॉफी सफलता में अहम भूमिका निभाई। उम्मीद है कि 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में वह टीम से जुड़ेंगे।

देशपांडे की वापसी से मुंबई के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी, जिसमें शार्दुल ठाकुर, जुनैद और मोहित जैसे मजबूत खिलाड़ी शामिल हैं।



मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अधिकारी ने आईएएनएस से कहा, अजिंक्य एसएमएटी में हमारी टीम की अगुवाई करेंगे।

वह अच्छी तरह से टीम का नेतृत्व कर रहे हैं और हमने ईरानी कप के साथ-साथ मौजूदा रणजी सीजन में भी अच्छे नतीजे हासिल किए हैं। तुषार बेंगलुरु के एनसीए में ठीक हो रहे हैं और रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के लिए वापसी करेंगे, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम तुषार, शार्दुल, जुनैद और मोहित जैसे अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ बने हुए हैं।

मुंबई की एसएमएटी टीम के लिए सबसे बड़ी बात पृथ्वी शॉ की वापसी है।

25 वर्षीय पृथ्वी शॉ ने भारत के लिए पांच टेस्ट, छह वनडे और एक टी20 मैच खेले हैं। फिटनेस और अनुशासन से जुड़े मुद्दों के कारण उन्हें मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर रखा गया था।

मुंबई संभावितः पृथ्वी शॉ, आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, जय बिस्टा, श्रीराज घरत, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, सूर्यांश शेडगे, ईशान मूलचंदानी, सिद्देश लाड, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), आकाश आनंद (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, आकाश पारकर , शम्स मुलानी, हिमांशुसिंह, सागर छाबड़िया, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, योगेश पाटिल, हर्ष तन्ना, इरफान उमैर, विनायक भोईर, कृतिक हनागावडी, शशांक अतार्डे, जुनैद खान।

# स्वर्गीय कृष्णा देवी की प्रथम पुण्य तिथि पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित












गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक अनुज मित्तल की माता जी स्वर्गीय कृष्णा देवी की प्रथम पुण्य तिथि पर श्रंद्धाजलि दी गई। पुण्य तिथि के अवसर पर गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पुण्य तिथि पर एक भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# भगवान दूधेश्वर का 570 प्रकटोत्सव महंत नारायण गिरि के सानिध्य में सम्पन्न

## भव्य श्रृंगार कर 108 प्रकार के व्यंजनों का लगाया भोग





**महंत नारायण गिरि व मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अनुज गर्ग ने भगवान का अभिषेक किया**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान दूधेश्वर का प्रकटोत्सव बैकुंठ चतुर्दशी पर सिद्धपीठ श्रीदूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड रही। कई शहरों से भक्त मंदिर के पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरि से आशीर्वाद लेने के लिए आए। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 3 बजे महंत नारायण गिरी के सानिध्य में भगवान दूधेश्वर की धूप आरती व दीप आरती कर श्रृंगार किया गया।

दीप आरती व दीप आरती रमेश गिरि व मंगल गिरि ने की। भगवान का श्रृंगार रोहित त्रिपाठी व मोहित ने किया। सांय को भगवान दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार दूधेश्वर श्रृंगार समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल ने किया।

भगवान को 108 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। महंत नारायण गिरि एवं दूधेश्वर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग के पुत्र व समिति के उपाध्यक्ष अनुज गर्ग ने भगवान की पूजा-अर्चना व अभिषेक किया। सांय 7.30 बजे से मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भजन गायक भीष्म कपूर व उनकी मंडली ने भजनों से भगवान दूधेश्वर की महिमा का गुणगान कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महंत नारायण गिरी ने बताया कि दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर अपने आप में ऐतिहासिक महत्व रखता है।


स्वयंभू यानि स्वयं प्रकट हुए भगवान दूधेश्वर नाथ के शिवलिंग का कलयुग में प्राकट्य सोमवार कार्तिक शुक्ल की वैकुन्ठी चतुर्दशी संवत 1511 वि० तदनुसार 3 नवंबर 1454 ई० को हुआ था। मंदिर की रावण के पिता ऋषि विश्वेश्रवा ने की थी। रावण भगवान दूधेश्वर की पूजा अर्चना से ही सोने की लंका प्राप्त हुई थी।

इतिहास गवाह है कि भगवान दूधेश्वर की कृपा और मठ के सिद्ध संत-महंतों के निर्मल आशीर्वाद से लाखों लोग कष्टों से मुक्ति पा चुके हैं। पहले यहां पर टीला था, जहां पर निकटवर्ती गांव की गाय चरने के लिए आती थीं। टीले पर पहुंचते ही गायों के थनों से स्वतः ही दूध निकलने लगता था। इसकी जानकारी मिलने पर जब टीले की खुदाई की गई तो दिव्य शिवलिंग निकलने पर यहां पर मंदिर का निर्माण किया गया, जो आज सिद्धपीठ श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। मंदिर में छत्रपति शिवाजी ने भी पूजा-अर्चना की और उन्होंने 400 वर्ष पूर्व मंदिर का जीर्णोद्वार भी कराया। उसके बाद प्रसिद्ध समाज सेवी व परम धार्मिक शिव चरण अनुरागी धर्मपाल गर्ग ने अपने माता-पिता की याद में बने श्री आत्माराम नर्वदा देवी चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से हिरण्यगर्भ ज्योतिर्लिंग श्रीदूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर का भव्य जीर्णोद्वार कराया है।




## क्या फिर बदलेंगे नदियापार के समीकरण

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कब कौन सा मामला तूल पकड़ले और कब किस किस्से की गूंज लखनऊ तक पहुंच जाए कहा नहीं जा सकता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में बीते दो दिनों से नदियापार का एक मामला बेहद हाईलाइट चल रहा है। वहीं बताया जाता है कि वह पूर्व में टाइट भी रह चुका है। वहीं उसमें जो टू और थ्री-स्टार रडार पर आए वह शिकार भी हुए लेकिन इस पूरे मामले में दोबारा से हवा बना ली है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके का यह प्रकरण है, ऐसे मामले तो और भी हैं लेकिन वह दबे हुए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जो मामला री-ओपन होने की बात की जा रही है, इसमें दोषियों को पहले ही सजा दी जा चुकी है। उधर इस कमिश्नरेट का यह मामला आने के बाद बराबर वाले कमिश्नरेट में भी यहां से पहुंचे लोगों के बीच नदियापार की चर्चा शुरू हो गई है। वहीं सुनने में आया है कि नदियापार वाले मामले को लेकर चुनाव के बाद कुछ और खुलासे हो सकते हैं। तो वहीं ग्रामीण जोन में एक थानाक्षेत्र में हत्या का मुकदमा लंबे समय के बाद




दर्ज होने का मामला भी सुर्खियां बन गया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि नदिया पार के समीकरण चुनाव के बाद बदले हुए नजर आ सकते हैं। उसके साथ ही इन प्रकरणों में उन साहब लोगों की भी धड़कने तेज कर दी हैं जिनके नाम उस वक्त जुड़े बताएं जा रहे हैं। वहीं देखना होगा कि इस पूरे प्रकरण में केवल नीचे वाले दोषी करार दिए जाते हैं या उनकी मॉनिटरिंग करने वालों पर भी इसी प्रकार की आंच आती है। वैसे जिस तरीके से नदिया पार वाला मामला सोशल मीडिया के माध्यम से खुला है, उसके बाद कई सर्किल और प्रभारियों की टेंशन बढ़ी हुई बताई जा रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कुछ एसीपी स्तर वाले अधिकारी भी अपने अधीनस्थों को सचेत कर चुके हैं कि गलत करोगे तो गलत की होगा। वहीं बताया जा रहा है कि एक जोन में आने वाले दिनों में एक गंभीर मामले की परत-दर परत जांच वाली तैयारी होने की सूचनाएं सूत्रों ने दी हैं। वैसे आज शनिवार का दिन सिटी वाले जोन के लिए बेहद टाइट रहने वाला है। एक तरफ वकीलों की फाइट चल रही है तो दूसरी तरह इलैक्शन वाली फाइट है। दोनों ही बेहद महत्वपूर्ण वाले मामले हैं जिनकी फाइनल वाली डेट आज ही मानी जा रही है।

# पुलिस अधिकारियों में गंभीरता की कमी को लेकर यति नरसिंहानंद गिरी ने सरकार को चेताया

### अगर पुलिस की लापरवाही से किसी अतिथि की हत्या हुई तो उसके जिम्मेदार ये अधिकारी होंगे : डॉ उदिता त्यागी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को शिवशक्ति धाम, डासना में प्रेस वार्ता करके महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने विश्व धर्म संसद को लेकर भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की लापरवाही पर गहन असंतोष व्यक्त किया। यति नरसिंहानंद गिरी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ल्ड रिलीजियस कन्वेंशन अर्थात विश्व धर्म संसद सम्पूर्ण विश्व का ऐसा पहला धार्मिक आयोजन है जहां इस्लाम के जिहाद और सम्पूर्ण विश्व पर उसक प्रभाव पर गहन चर्चा करके इस्लामिक जिहाद से मानवता की रक्षा के मार्ग खोजे जाएंगे। विदेश से लगभग 40 बड़े धर्मगुरु और विद्वान इसमें भाग ले रहे हैं। ये सभी लोग वो हैं जो सम्पूर्ण मानवता को इस्लाम के जिहाद से बचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। इस्लाम के जिहादी किसी भी कीमत पर उनकी हत्या करना चाहते हैं। उनकी सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है। इनमें से किसी के भी साथ यदि कोई दुर्घटना होती है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

विश्व धर्म संसद में बड़ी संख्या में अप्रवासी भारतीय भी भाग लेंगे। ऐसे में भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार को इस आयोजन को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए। परन्तु गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों ने इस आयोजन की गंभीरता का मजाक उड़ाते हुए आयोजक यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन के पदाधिकारियों से आने वाले अतिथि धर्मगुरुओं और विद्वानों की सम्पूर्ण जानकारी कौशांबी थाने में जमा करने का तुगलकी फरमान सुनाया है। शायद गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने थानों की सच्चाई से अवगत नही हैं।

उन्होंने कहा हम यह सारी जानकारी देने के लिए तैयार हैं परन्तु यह जानकारी कम से कम पुलिस कमिश्नर स्तर के अधिकारी को दी जा सकती है। हम आशा कर रहे थे कि प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय या उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी हमसे यह जानकारी मांगेंगे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ उदिता त्यागी ने कहा कि हम अपने अतिथियों को सुरक्षा को लेकर बहुत चिन्तित हैं। अगर इनमें से किसी की भी हत्या हुई तो उसकी जिम्मेदारी गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि गाजियाबाद पुलिस की इस हरकत के विरोध में वो सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय, गृहमंत्रालय और मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखेगी और आयोजन को गंभीरता से लेने की प्रार्थना करेंगी। प्रेस वार्ता में यति रामस्वरूपानंद और मोहित बजरंगी भी उपस्थित थे।

# कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर कार्यकर्ताओं ने प्रज्वलित किये 1008 दीपक





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर हरनन्दी (हिण्डन) जागृति अभियान, गाजियाबाद के देव दीपावली महोत्सव मनाया गया। इस दीपदान उत्सव पर गाजियाबाद की टीम के द्वारा आयोजित देव दीपावली के द्वारा 1008 दीप सभी कार्यकताओं के साथ मिलकर प्रज्वलित किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ० भरत पाठक, राष्ट्रीय संयोजक, गंगा विचार मंच (नमामि गंगे, भारत सरकार) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम संयोजक अंकित गिरि ने बताया कि विगत 11 वर्षो से निरंतर देव दीपावली कार्यक्रम हरनन्दी घाट पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम मे संजय कश्यप, गैल निदेशक (प्रदेश सहसंयोजक, एनजीओ प्रकोष्ठ), प्रांत संयोजक चंद्रप्रकाश चौहान, विहिप के पूर्व मीडिया प्रभारी घनश्याम लाल शर्मा, सनी शर्मा, अमित पाराशर, विनोद शर्मा, ओमप्रताप सिंह, ज्योति चौहान, मंजू सिंह, स्वीटी रैना, इंदिरा सैनी, अवधेश ठाकुर, राजेश गिरि, संतीराम चौधरी, अजय गुप्ता, सुदीप साहू, कृष्णन्दू गुप्ता, पंकज राय, आशीष शर्मा, रवि कटारिया, कुलदीप त्यागी, कौस्तुभ भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।




### पंडितजी का नाम देखकर लाला जी ने नाप ली चुनाव से ही दूरी

फूल वाले इस बात का दावा करते हैं कि हमारे यहां तो कमल का फूल ही चुनाव लड़ता है और कमल का फूल ही चुनाव लड़वाता है। कमल का फूल ही वोट मांगने जाता है और कमल का फूल ही वोट डालने भी जाता है। नई हवा की नई भाजपा में फूल वाले अपडेट हों लें। भगवा लाला जी ने तो निगम वाले चुनावी रण में ही टिकट ना मिलने पर दूरी नाप ली थी। धोती वाले बिरादर को फुल सपोर्ट किया था। चलो चुनाव की बात चुनाव के साथ और अब तो विधानसभा में उन्हे कमांडर के साथ होना चाहिये था। देखने वालों ने देखा कि वो कमांडर का टिकट होने पर खुश दिखे और रोज ही चुनाव कार्यालय पर भी दिखे। लेकिन जैसे ही मौहल्ले वाले पंडित जी को चुनावी कमान मिली तो लाला जी के अदांज ही बदल गये। कौन सा फूल और कौन कमांडर वाले तेवरों के साथ वो गल्ले पर जाकर बैठ गये। लाला जी अब शाम को दुकान बढ़ाने के बाद ही थोड़ी बहुत देर के लिये चुनावी दफ्तर पर सिटिंग दे रहे हैं। कमांडर को लेकर वो नाराज नही है मगर पंडित जी को संयोजक बनाने पर लाला जी तो अब आकंड़ो में ही कमांडर के चुनाव को फंसा हुया बता रहे हैं। गुस्सा वो मेंबर से हैं और खुन्नस विधायक से निकाल रहे हैं। कहने वाले ने कह भी दिया उनके नाराज होने से कोई गाज वैसे भी नही गिरने वाली हैं वो निगम में धोती वालों को सपोर्ट कर रहे थे और उनका मौहल्ला कमल को वोट दे आया था।

### ये रहेगा सस्पेंस क्यों बना लिया भगवा सिघंल ने चुनावी डिस्टेंस

भगवा सिघंल चुनावी मैनेजमेंट जानते हैं और कई चुनाव वो लड़ा चुके हैं। फूल वाले ही बताते हैं कि वो खुद के बारे में ये मानते हैं कि चुनावी काम का प्रंबधन उनसे बेहतर कोई नही जानता। कार्यकर्ता वाली फील के साथ भगवा सिंघल हर चुनाव में काम करते हैं। पीएम वाले रोड शो में वो इतने बिजी थे कि आधी रात तक काम भी किया और फोटो भी वायरल किया। जाली से लेकर भोजन तक वो मेदी वालों से भी उलझ गये थे। मगर इस बार ना तो वो किसी प्रचार में नजर आ रहे हैं और तो और वो कमांडर के चुनाव कार्यालय पर भी नजर नही आ रहे हैं। बाबा आकर चले गये, पाठक जी आये और चले गये, नीरज सिंह आये और प्रचार कर के गये मगर भगवा युवा सिघंल दिखाई नही दिये। वो कहां हैं और क्यों नही दिख रहे के सवाल पर चुनावी दफ्तर वालों ने ही ऑफ द रिकार्ड कहा कि एक तो वो आते ही चुनावी जिम्मेदारी वाले देवतुल्य को नसीहत देने लगे थे और बड़ा फाऊल ये कर दिया कि मिनी सासंद जी ने ही पंगा ले लिया। सुना है अब बात अना की हैं तो वो फना तो हो सकते हैं लेकिन इस साईड रिर्टन नही हो सकते।

### चुनाव में क्यों दिख नही रही माया और क्यों नही आ रहा आनंद

शहर वाले उपचुनाव में हाथी वाले किराये की ई रिक्शा के दम पर ताल ठोंक रहे हैं। वो पूरा जोर लगा रहे हैं लेकिन कैडर वाले मौहल्ले ही बता रहे हैं कि इस बार चुनाव में ना तो माया दिख रही है। अगर माया दिखती तो स्टेटिक टीमों को भी दिखती मगर किसी को नही दिखी। चुनाव में वो आनंद भी नही आ रहा जो अब से पहले शाम के समय कैडर बस्तियों में आता था। आनंद और माया दोनो ही जब चुनाव से दूर हैं तो समझा जा सकता है कि महावत कितने मजबूत है शहर वाले विधानसभा उपचुनाव में।

# राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का व्यापारियों ने जताया आभार, बजरिया कट खुलवाने के लिए दिया धन्यवाद

## नरेंद्र कश्यप बोले इससे व्यापारियों को मिलेगी राहत और बढ़ेगा व्यापार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का बजरिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने शुक्रवार को स्वागत- सम्मान किया और धन्यवाद दिया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस आयुक्त से बात कर बजरिया कट खुलवाने की चर्चा की थी, अब इसका असर हुआ है। शुक्रवार को बजरिया कट खुलवाने के लिए ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में व्यापार मंडल बजरिया के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें व्यापारियों ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने का समर्थन दिया और मंत्री नरेंद्र कश्यप का आभार जताया कि उन्होंने सालों से बंद कट को खुलवाने का काम किया।

### व्यापारियों को होगा लाभ, जनता भी पहुंचेगी आसानी से

करंट क्राइम। लंबे समय से बजरिया कट बंद चल रहा था , जिस वजह से लोगों को घूम कर आना पड़ता था और व्यापारियों को परेशानी हो रही थी। इसका असर उनके व्यापार और अन्य कार्यक्रमों में भी पड़ता था। शुक्रवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप का बजरिया व्यापार मंडल और स्थानीय व्यापारियों ने बंद कट को खुलवाने के लिए धन्यवाद करते हुए आभार और उनका स्वागत किया है। इस दौरान नरेंद्र कश्यप ने सभी को धन्यवाद भी दिया।

### नरेंद्र कश्यप ने कहा व्यापारी मेरे परिवार का हिस्सा

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा हैं। व्यापारियों की समस्या उनकी समस्या रहती है, इसीलिए उन्होंने बजरिया के बंद कट को खुलवाने के लिए पुलिस कमिश्नर से बातचीत की थी और इस समस्या का समाधान कराया है। व्यापारियों ने मंत्री नरेंद्र कश्यप का धन्यवाद और स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से महामंत्री दीपक शर्मा, पूर्व पार्षद जय भगवान गर्ग, पूर्व पार्षद सतीश चोपड़ा , नवीन अरोड़ा ,जीके मिश्रा, संजय गर्ग ,एडवोकेट राजीव सिसोदिया ,सौरव गर्ग, कपिल खन्ना ,राजू दर्शन सिंह, तरुण त्यागी एडवोकेट ,संजीव सिसोदिया, सर्वेश, राजेंद्र ,सौरव गर्ग, तरुण, प्रेमलता कोरी, सौरभ गर्ग व जितेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने नरेंद्र कश्यप को धन्यवाद देते हुए उनका स्वागत किया और कहा कि व्यापारियों के लिए उनके द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय व्यापारी इस सदैव याद रखेंगे और आगामी विधानसभा उपचुनाव में व्यापारियों ने भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने का समर्थन भी दिया है।

# भारत के साथ संबंधों को तरजीह देंगे ट्रंप

## पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कहां हो सकती है दिक्कत

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद भारत में इस बात की चर्चा है कि ट्रंप के कार्यकाल में भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते कैसे रहेंगे। अधिकतर विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मौजूदा आर्थिक ताकत और भू राजनीति में इसकी अहमियत को देखते हुए भारत और अमेरिका के संबंधों में और बेहतरी होने की ही संभावना है। अब ट्रंप के साथ पिछले कार्यकाल में काम कर चुकीं और दक्षिण और मध्य एशिया के मामलों की जानकारी लीजा कर्टिस ने भी कहा है कि ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की तरह ही इस कार्यकाल में भी भारत के साथ अपने रिश्तों को अहमियत देंगे।

लिजा कर्टिस साल 2017 से 2021 के बीच डोनाल्ड ट्रंप की सलाहकार और दक्षिण एवं मध्य



एशिया की सुरक्षा परिषद की निदेशक रह चुकी हैं। कर्टिस ने कहा है कि 'मुझे लगता है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप भारत के साथ वहीं से शुरूआत करेंगे, जहां उन्होंने छोड़ा था। भारत के प्रति उनकी अच्छी भावनाएं और सद्भावना है और मैं इस कार्यकाल को दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने के अवसर के रूप में देखती हूं।' उन्होंने कहा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2021) के दौरान भारत की अहमियत और चीन की चुनौतियों से निपटने में इसकी भूमिका के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में सुधार हुआ था।

### चीन के चलते भारत-अमेरिका में बढ़ेगा सहयोग

लीसा कर्टिस ने कहा कि चीन को लेकर अमेरिका और भारत, दोनों की बहुत सारी चिंताएं हैं जैसे चीन प्रौद्योगिकी बाजार पर हावी होने और एशिया में अपना दबदबा बनाने की कोशिश कर रहा है और भारत और अमेरिका, दोनों ही ऐसा नहीं चाहते। ऐसे में चीन को रोकने के लिए भारत और अमेरिका सुरक्षा और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे सकते हैं।

कर्टिस ने बताया कि ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच अच्छे व्यक्तिगत संबंध भी हैं और इस रिश्ते ने वास्तव में बहुत सारी प्रगति को मजबूत करने में मदद की। ट्रंप के कार्यकाल में भारत पर प्रौद्योगिकी नियंत्रण हटा लिए गए थे, जिससे भारत की सशस्त्र ड्रोन तकनीक तक पहुंच हुई। लीसा कर्टिस वर्तमान में सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी, एक थिंक-टैंक में इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी प्रोग्राम की सीनियर फेलो और निदेशक हैं।

**लीसा कर्टिस ने बताया किन मुद्दों पर दिक्कत भी हो सकती है :** लीसा कर्टिस ने बताया कि सामान्य तौर पर ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत के साथ अच्छे संबंध रहे, लेकिन उस दौरान कुछ अड़चनें भी आईं, जिनमें मुख्य तौर पर टैरिफ का मुद्दा रहा। ट्रंप चाहते हैं कि भारतीय बाजार तक अमेरिकी कंपनियों को भी पहुंच मिले। पहले कार्यकाल में ट्रंप ने भारत द्वारा कई अमेरिकी उत्पादों पर भारी टैरिफ को लेकर नाराजगी भी जाहिर की थी। लीसा कर्टिस के अनुसार, इस बार भी व्यापार और टैरिफ के मुद्दे पर भारत-अमेरिका के रिश्तों में अड़चन आ सकती है। हालांकि इससे दोनों देशों के रिश्तों पर व्यापक विपरीत असर पड़ने की आशंका नहीं है। साथ ही ट्रंप प्रशासन, भारत से रूस पर अपनी सैन्य उपकरण निर्भरता को कम करने के लिए भी कह सकता है।

लीसा कर्टिस ने कहा कि चीन को लेकर अमेरिका और भारत, दोनों की बहुत सारी चिंताएं हैं।

# स्पेन में एक रिटायरमेंट होम में लगी भीषण आग

## कम से कम 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली ।** स्पेन के विलाफ्रांका डेल एब्रो में एक रिटायरमेंट होम जार्डिन्स डी विलाफ्रांका में शुक्रवार को भयंकर आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों



की मौत हो गई स्थानीय समयानुसार सुबह के पांच बजे आग लगी। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कम से कम दो घंटे लगे। स्थानीय सरकार के प्रतिनिधि के अनुसार, अधिकारी यह पुष्टि करने में असमर्थ थे कि हताहत होने वाले सभी लोग रिटायरमेंट होम से ही थे या नहीं। बता दें कि रिटायरमेंट होम में 82 बुजुर्ग रहते हैं।

इस हादसे में एक की हालत गंभीर है, जबकि अन्य का इलाज जारी है। घटना की जानकारी पाकर दमकल की गाड़ियों के साथ पुलिस और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंची।

**इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय समयानुसार सुबह के पांच बजे आग लगी। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कम से कम दो घंटे लगे**

# भारत में हर कोई जलवायु परिवर्तन से प्रभावित

## डॉ स्वामीनाथन बोलीं- महिलाओं और बच्चों को ज्यादा खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि भारत में लगभग हर कोई अब जलवायु परिवर्तन के खतरों से प्रभावित है। उन्होंने इससे निपटने के लिए अंतर-मंत्रालयी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के समन्वित प्रयासों की तुरंत जरूरत पर बल दिया। स्वामीनाथन ने महिलाओं और बच्चों को इन जलवायु-संबंधित स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बताया।



### महिलाओं और बच्चों को विशेष खतरा

अजरबैजान की राजधानी बाकू में वैश्विक जलवायु वार्ता सम्मेलन उडढ29 का आयोजन हो रहा है। इसी सम्मेलन से इतर एक बातचीत में डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि भारत में व्यावहारिक रूप से हर कोई अब जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति संवेदनशील है, चाहे बहुत ज्यादा गर्मी हो या फिर बैक्टीरिया या वायरस जनित बीमारियां। इससे निपटने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि कैसे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को खाना पकाने के लिए ठोस ईंधन पर निरंतर निर्भरता के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'सभी के लिए स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच एक प्राथमिकता है।' साथ ही साफ पेयजल और बुनियादी ढांचे में निवेश की जरूरत है।

### भारत की 80 फीसदी आबादी झेल रही जोखिम

भारत में जलवायु परिवर्तन के असर से वायु प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ा है। साथ ही बाधित कृषि चक्रों से कुपोषण की समस्या भी पैदा हुई है। स्वामीनाथन ने कहा कि भारत की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी अब इन जोखिमों के खतरे से जूझ रही है। देश के शहरों में अर्पयाप्त आवास और सफाई और ग्रामीण इलाकों में बाढ़ और चरम मौसम के चलते खतरा बढ़ा है। डॉ. स्वामीनाथन ने सरकारों से सेहत पर फोकस करने की अपील की और हरित सार्जनिक परिवहन पर जोर दिया।

# तीन दशकों में डायबिटीज मामलों में चिंताजनक उछाल 80 करोड़ वयस्क चपेट में, यूएन की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली ।** डायबिटीज, एक ऐसी बीमारी है, जिसमें रक्त में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है जिसका देर से पता चलने, या सही ढंग से उपचार ना किए जाने से, हृदय, रक्त धमनियों, आंखों, गुर्दों और स्नायुतन्त्रों (नर्वस सिस्टम) संबंधी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। सबसे अधिक मामले, 'टाइप 2' डायबिटीज के दिखाई देते हैं, जोकि अक्सर शरीर में इन्सुलिन के प्रति प्रतिरोध बढ़ने की वजह से पैदा होता है। इन्सुलिन शरीर में रक्त शर्करा (ब्लड शूगर) को नियंत्रित करने वाला हार्मोन है।



### तीन दशकों में तेजी से बढ़े मामले

अब संयुक्त राष्ट्र के एक ताजा अध्ययन में पता चला है कि साल 1990 से 2022 के दौरान डायबिटीज के मामले दुनियाभर में सात प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गए हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में सबसे ज्यादा डायबिटीज के मरीज बढ़े हैं। आसानी से उपचार न मिलना इसकी प्रमुख वजह है। यह वैश्विक असमानता को दशार्ता है। वर्ष 2022 में, 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के करीब 45 करोड़ वयस्कों को जरूरी उपचार उपलब्ध नहीं था। यह आंकड़ा कुल मरीजों का 59 फीसदी है, जिनमें से 90 फीसदी निम्न- और मध्य-आय वाले देशों में रह रहे हैं।

**डायबिटीज के साथ ही मोटापे की समस्या भी बढ़ी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू एच औ) के महानिदेशक टैड्रॉस ग्रैबेसियस ने कहा कि पिछले तीन दशकों में डायबिटीज के मामलों में चिन्ताजनक रूप से उछाल आया है, इससे मोटापे की समस्या भी बढ़ी है**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टैड्रॉस ग्रैबेसियस ने कहा कि पिछले तीन दशकों में डायबिटीज के मामलों में चिन्ताजनक रूप से उछाल आया है, इससे मोटापे की समस्या भी बढ़ी है। खान-पान की गलत आदतें, शारीरिक गतिविधियों में कमी और आर्थिक कठिनाइयों के चलते यह समस्या गहराती जा रही है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज की समस्या पर नियंत्रण पाने के लिए, देशों को तुरन्त कदम उठाने होंगे। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया और पूर्व भूमध्यसागर क्षेत्र में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की 20 फीसदी वयस्क आबादी डायबिटीज से पीड़ित है।

# संविधान में 15 वें संशोधन की वैधता पर रार; अटॉर्नी जनरल बोले- मुजीब को राष्ट्रपिता बनाना सवालिया

**ढाका ।** बांग्लादेश के संविधान में किए गए 15वें संविधान संशोधन की वैधता को लेकर चल रही सुनवाई के बीच अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असदुज्जमां द्वारा दिए गए सुझावों ने वहां की राजनीति में भूचाल ला दिया है। उन्होंने 30 जून 2011 को बांग्लादेश संसद की ओर से किए गए 15वें संविधान संशोधन को हटाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपिता के पदनाम में भी बदलाव की मांग की है।

गौरतलब है कि संविधान के 15वें संशोधन द्वारा शेख मुजीबुर्रहमान को बांग्लादेश के राष्ट्रपिता के रूप में नामित किया गया था। उन्होंने कहा कि शेख मुजीब का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन कानून बनाकर इसे लागू करना समाज में विभाजन पैदा कर सकता है। इसके अलावा,



बांग्लादेश के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असदुज्जमां ने समाजवाद, बंगाली राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्दों को भी हटाने का सुझाव दिया है।

अटॉर्नी जनरल ने ये भी कहा कि शेख मुजीबुर रहमान को 'राष्ट्रपिता' के रूप में नामित करने जैस संवैधानिक संशोधन राष्ट्रीय विभाजन पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि शेख मुजीब का सम्मान किया जाना चाहिए लेकिन कानून बनाकर इसे लागू करने से विभाजन पैदा होता है। उन्होंने आगे कहा कि संशोधनों को लोकतंत्र का समर्थन करना चाहिए ना कि तानाशाही का पक्ष लेना चाहिए।

**बांग्लादेश की लोकतांत्रिक नींव को नुकसान-असदुज्जमां : इसके साथ ही अपने बयान में असदुज्जमां ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के उस फैसले की भी निंदा की जिसमें उसने बांग्लादेश में चुनावों की देखरेख के लिए जिम्मेदार कार्यवाहक सरकार प्रणाली को खत्म कर दिया था।**

**बांग्लादेश की लोकतांत्रिक नींव को नुकसान-असदुज्जमां :** इसके साथ ही अपने बयान में असदुज्जमां ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के उस फैसले की भी निंदा की जिसमें उसने बांग्लादेश में चुनावों की देखरेख के लिए जिम्मेदार कार्यवाहक सरकार प्रणाली को खत्म कर दिया था। इस फैसले को लेकर उन्होंने कहा कि इस प्रणाली को खत्म करने से नागरिकों के मौलिक अधिकारों से समझौता हुआ, जनता का विश्वास कमजोर हुआ और बांग्लादेश की लोकतांत्रिक नींव को नुकसान पहुंचा।

# भारत के साथ रिश्ते, आव्रजन से सुरक्षा तक जानें अगली सरकार को लेकर बाइडन प्रशासन का क्या अनुमान

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हो चुका है और डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बात राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। इस चुनाव के कुछ ही दिन बाद अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने भारत और अमेरिका के संबंधों पर प्रतिक्रिया दी। गुरुवार को अमेरिकी विदेश विभाग की ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आने वाला प्रशासन (ट्रंप सरकार) क्या करेगा, यह भारत के साथ उनके संबंधों पर निर्भर है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन और सचिव एंटनी ब्लिंकन भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं। उन्होंने ट्रंप प्रशासन में अमेरिका और भारत के बीच गहरे संबंधों के अलावा आव्रजन से जुड़े मुद्दे को लेकर भी बात की।



अमेरिकी विदेश विभाग की ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए बाइडन प्रशासन के वेदांत पटेल ने कहा, ₹आने वाला प्रशासन क्या करेगा या क्या नहीं, यह भारत के साथ उनके संबंधों पर निर्भर करता है। मैं इसे लेकर कुछ नहीं कहूंगा। राष्ट्रपति जो बाइडन और सचिव ब्लिंकन भारत को एक महत्वपूरण भागीदार के रूप में देखते रहे हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹ऐसे कई क्षेत्र हैं, जिनमें पिछले चार वर्षों के दौरान हमने अपने सहयोग को गहरा किया है। जब हिंद-प्रशांत और वैश्विक क्षेत्रीय स्थिरता की बात आती है तो भारत हमारा महत्वपूर्ण भागीदार रहेगा। हम राष्ट्रपति जो बाइडन के चार साल के कार्यकाल के दौरान इस सहयोग को आगे बढ़ाने में सक्षम होने के लिए आभारी हैं।

भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर बात करने के अलावा वेदांत पटेल ने आव्रजन मुद्दे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, ₹आव्रजन के मुद्दे को लेकर यह जान लें कि यह दुनिया भर के लोगों के लिए कितना महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसे हम अविश्वसनीय रूप से गंभीरता से लेते हैं। हम इस पर काम करना जारी रखेंगे और ऐसे तरीके ढूंढेंगे जिनसे हम प्रक्रियाओं में सुधार कर सकें।₹

### राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत

बता दें कि अमेरिका में इसी महीने राष्ट्रपति चुनाव हुआ। छह नवंबर को सामने आए चुनाव परिणाम में रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप को शानदार जीत मिली।

# श्रीलंका में बड़ी जीत की तरफ बढ़ रही एनपीपी शुरूआती नतीजों में हासिल किए 70 फीसदी वोट

**कोलंबो ।** राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर पार्टी (एनपीपी) गुरुवार को हुए श्रीलंकाई संसदीय चुनाव में भारी जीत की ओर अग्रसर है। इससे पहले स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे मतदान समाप्त हुआ। स्थानीय समयानुसार रात 11 बजे तक घोषित नतीजों के अनुसार एनपीपी ने 70 प्रतिशत वोट हासिल कर लिए हैं। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालावेगया (एसजेबी) को 11 प्रतिसत और पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की समर्थित नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट (एनडीएफ) को महज 5 प्रतिशत वोट मिले हैं।



### विश्लेषकों ने जताई यह संभावना

विश्लेषकों का कहना है कि सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव की तुलना में एनपीपी ने अपने वोट शेयर में वृद्धि की है। अगर यह सिलसिला जारी रहा तो पार्टी 150 सीटों का आंकड़ा पार कर जाएगी और 225 सदस्यीय संसद में पूर्ण बहुमत हासिल कर लेगी। बता दें कि 2022 के आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में पहली बार संसदीय चुनाव हुए हैं।

### शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ मतदान

2.1 करोड़ की आबादी वाले श्रीलंका में 1.7 करोड़ से अधिक नागरिक पांच साल के कार्यकाल के लिए 225 सदस्यीय संसद के चुनाव के लिए मतदान के योग्य थे। लगभग 90,000 पुलिस और सेना के कर्मियों को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। कुछ मामूली गलत प्रचार की घटनाओं को छोड़कर हिंसा की कोई खबर नहीं आई और चुनाव कुल मिलाकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### 8,800 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला

इस चुनाव में 1.71 करोड़ मतदाता 8,800 उम्मीदवारों में से अपनी पसंद चुना है।

# संसदीय चुनाव में सत्तारूढ़ एनपीपी ने दर्ज की एतिहासिक जीत, पूर्ण बहुमत के आंकड़े को किया पार

**कोलंबो ।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने संसदीय चुनाव में एतिहासिक जीत हासिल की। स्थानीय समयानुसार शुक्रवार की सुबह छह बजे तक एनपीपी को राष्ट्रीय स्तर पर 62 फीसदी या 4.4 मिलियन वोट मिले थे। उन्होंने जिलों से आनुपातिक प्रतिनिधियों के तहत 196 सीटों में से 35 सीटें हासिल की हैं। समागी बलवेगा को 18 फीसदी से भी कम और पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट (एनडीएफ) को 5 फीसदी से भी कम वोट मिले हैं।

दिसानायके ने भ्रष्टाचार से लड़ने चुराई गई संपत्तियों को वापस लाने के वादे पर सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। तुरंत चुनाव कराने और अपने एजेंडे के लिए संसदीय समर्थन हासिल करने का उनका



फैसला सही साबित हुआ। एनपीपी गठबंधन ने 225 सदस्यीय विधानसभा में 123 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। पार्टी अभी कई सीटें जीतने की राह पर है।

राजपक्षे परिवार की श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट (एसएलपीपी) को दो सीटें मिली। विशेषज्ञों का कहना है कि सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव की तुलना में एनपीपी को संसदीय चुनाव में अधिक सीटें मिलीं। 225 सदस्यीय विधानसभा में उनके 150 सीटों के आंकड़े या पूर्ण बहुमत को पार करने की संभावना है।

**दिसानायके ने भ्रष्टाचार से लड़ने चुराई गई संपत्तियों को वापस लाने के वादे पर सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। तुरंत चुनाव कराने और अपने एजेंडे के लिए संसदीय समर्थन हासिल करने का उनका फैसला सही साबित हुआ**

चुनाव में एनपीपी का समर्थन करने वाले आईटी पेशेवर चाणक्य राजपक्षे ने कहा, लोगों ने भ्रष्टाचार और भ्रष्ट व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए मतदान किया। 55 वर्षीय दिसानायके ने बताया कि उन्हें संसद में मजबूत बहुमत की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि यह एक महत्वपूर्ण चुनाव है, जो श्रीलंका के लिए टर्निंग प्वाइंट होगा। पुलिस ने बताया कि मतदान के दौरान कहीं भी हिंसा की घटनाएं नहीं हुई।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के जनसम्पर्क कार्यालय पर चल रहे भंडारे का समापन

## जो सेवा अपने समाज और जरूरतमंदों के लिए की जाती है, वह भगवान तक सीधे पहुँचती है : सुनील शर्मा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री एवं विधायक, साहिबाबाद के जनसंपर्क कार्यालय पर सम्पूर्ण माह चलने वाले भंडारे का समापन हुआ। कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि मैं आप सभी का हृदय से स्वागत और आभार व्यक्त करता हूँ कि आप यहाँ इस पावन अवसर पर उपस्थित हुए। इस भंडारे का आयोजन आपके सहयोग और सहभागिता से ही संभव हो पाता है। हमारा सनातन धर्म सेवा, भक्ति, और समर्पण का धर्म है, और इस भंडारे के माध्यम से हमने इसी परंपरा को निभाने का प्रयास किया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जो सेवा अपने समाज और जरूरतमंदों के लिए की जाती है, वह भगवान तक सीधे पहुँचती है। यहाँ आकर सेवा में सहभागी बनना, यह केवल एक कर्म नहीं बल्कि एक यज्ञ है, जो हम सब मिलकर कर रहे हैं। इस आयोजन में हर एक व्यक्ति ने जो योगदान दिया है, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, वह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भगवान से यही प्रार्थना है कि वे हम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें सनातन धर्म के इस मार्ग पर आगे बढ़ने की शक्ति और प्रेरणा देते रहें। आप सभी का एक बार फिर से आभार व्यक्त करता हूँ। इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी, विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, वरिष्ठ भाजपा नेता केके शुक्ला, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, नरेश सिरोही, डी एन सिंह, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, पूर्व खोडा नगर पालिका अध्यक्ष रीना भाटी, पार्षद सचिन डागर, पार्षद वीरेंद्र त्यागी, पार्षद अमित त्यागी, पूर्व पार्षद सरदार भाटी, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, सुषमा गंगवार, योगेश भाटी, देवेंद्र यादव, बी एल गौतम, संजय रावत, मुकेश गिरी, शिव प्रताप सिंह, अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा जयनंद शर्मा, नागेंद्र चौहान सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बाबा गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बजरिया गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में मनाया गया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को बजरिया स्थित गुरुद्वारा में बाबा गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। तीन दिनों से चल रहे अखंड पाठ साहब की शुक्रवार सुबह समाप्ति हुई। इसके उपरांत अरदास की गई और संगत के बीच में प्रसाद वितरित किया गया। अखंड पाठ की समाप्ति के बाद हजूरी रागी संत सिंह ने कीर्तन किया। गुरुद्वारा सिंह सभा के महामंत्री एसपी सिंह ओबरॉय ने लंगर की व्यवस्था को संभाली। वीर खालसा दल के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह ओबरॉय और कुलविंदर ओबराय ने गुरुद्वारे की सभी व्यवस्थायें की। गुरुद्वारे के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया बजरिया गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में बाबा की रहमत है क्योंकि यह सबसे पहले पुराना गुरुद्वारा है। यहां आये हुए सभी मेहमानों का गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा की कमेटी की तरफ से 'जी आया नू' कहा गया क्योंकि गुरुद्वारों में न जाति पूछी जाती है, ना धर्म पूछा जाता है, ना क्षेत्र पूछा जाता है और ना ही पार्टी पूछी जाती है। यही बाबा नानक का संदेश था। इसी पर आगे चलते हुए बाबा नानक जी का पर्व मनाया गया।

## गाजियाबाद और एनसीआर में ग्रेप-3 लागू




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में ग्रेप 3 लागू कर दिया गया है। सभी कंस्ट्रक्शन साइट और डीजल से चलने वाले वाहन और जनरेटर को लेकर पाबंदी लागू कर दी गई है। गाजियाबाद में हवा साफ नहीं होती दिख रही, रात का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहंचने लगा है। एक तरफ लगातार सर्दी की दस्तक बढ़ती जा रही है। वहीं हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। दीपावली पर एनसीआर में पटाखों से जहरीली हुई हवा अभी भी साफ नहीं हुई है। पिछले 3 दिन की अपेक्षा आज अदक 360 के पार पहुंच गया। आज तड़के गाजियाबाद का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जीवन में सफलता की कुंजी ही आपकी सोच होती है। विनीता त्यागी ने अपनी पोस्ट के जरिए इसी बात को समझाया। उन्होंने कहा कि जिंदगी में आप जो करना चाहते हैं वो जरूर करिए। विनीता त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### बोलता फोटो



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आरटीओ दफ्तर के पास अव्यवस्था का आलम है और इसे देखने वाला कोई नहीं है।

### बोलता फोटो



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नेहरू नगर फ्लाई ओवर के नीचे झाड़ियों में आग लगा दी गई है। स्मॉग से पहले ही परेशानी है और ये नई दिक्कत लोगों के लिए है।

### बोलता फोटो



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेरठ रोड स्थित तिराहे पर लगाया गया फाउंटेन अब उजाड़ हो चुका है। यहां सौंदर्यीकरण भी गायब है और फाउंटेन ने काम करना बंद कर दिया है।

### बोलता फोटो



सभी फोटो सचिन कुमार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डायमंड फ्लाई ओवर के पास सर्विस रोड पर कूड़ा डाला जा रहा है। यहां से गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।